# JOTI JOURNAL

DECEMBER 2015 (BI-MONTHLY)

# मध्य प्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर - 482 007

# MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY

HIGH COURT OF MADHYA PRADESH, JABALPUR - 482 007

# सम्पादकीय

**प्रदीप कुमार व्यास**
**प्रभारी संचालक**

सम्माननीय पाठक गण,

वर्ष 2015 का यह अंतिम द्विमासिक अंक व Annual Index आपकी ओर प्रेषित हैं। इन दो माहों में एक कार्यशाला ग्वालियर व उसके पास के जिले मुरैना, भिण्ड, शिवपुरी गुना व श्योपुर के लगभग 55 अभिभाषकगण के लिए दिनांक 31 अक्टूबर 2015 से 3 नवम्बर 2015 तक आयोजित की गयी है। दिनांक 16–11–2015 से 11–12–2015 तक 2014 बैच के सिविल जज वर्ग–2 के लिए Induction Training का अंतिम चरण होना है । इसी बीच दिनांक 05–12–2015 को एक कार्यशाला किशोर न्याय (बालकों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2000 पर ग्वालियर में रखी गयी है जिसमें किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, किशोर पुलिस इकाई के अधिकारीगण आदि लगभग 40 सदस्य शामिल होंगे।

दिनांक 14–12–2015 से 18–12–2015 तक वर्ष 2013 बैच के सिविल जज वर्ग–2 का First Refresher Course जबलपुर में होना है तथा एक कार्यशाला दिनांक 19–12–2015 एवं 20–12–2015 को जबलपुर में जिला उपभोक्ता फोरम के पीठासीन अधिकारीगण एवं सदस्यगण के लिए रखी गयी है । इस तरह इन दो माहों में विभिन्न कार्यक्रम रखे गये हैं।

माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय की प्रेरणा से एक नवीन कार्यक्रम Workshop on – Professionalism at Work Place प्रारंभ किया गया है जिसमें उच्च न्यायालय जबलपुर के सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण के लिए कार्यशालायें आयोजित हो रही हैं। खंडपीठ इंदौर और ग्वालियर के लिए ऐसी ही कार्यशाला होना है। इनमें मैनेजमेंट विशेषज्ञों को बुलाया जा रहा है। श्री कपिल मेहता, विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी इन कार्यशालाओं को संभाल रहे हैं। निश्चित रूप से यह नवीन प्रयोग लाभप्रद साबित होगा।

इस अंक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 पर एक लेख और धारा 19 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 तथा मध्य प्रदेश विशेष न्यायालय अधिनियम, 2011 पर एक लेख शामिल किया जा रहा है।

अक्टूबर–2015 का अंक अक्टूबर–2015 में प्रदेश के सभी जिलों में प्रेषित किया जा चुका था और यह अंक भी माह दिसम्बर–2015 में आपके हाथ में पहुँचे ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं ताकि हमारे न्यायाधीशगण नवीनतम वैधानिक स्थिति और संस्थान की गतिविधियों से शीघ्र अवगत हो सकें।

इस पत्रिका के बारे में आपके अमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं।

•

*किसी भी लड़ाई के लिए कम से कम दो व्यक्तियों की आवश्यकता होती है यह सुनिश्चित कीजिये कि आप उनमें से एक नहीं हैं लेकिन अपना पक्ष विनम्रता पूर्वक रखने का हर संभव प्रयास कीजिये।*

– एक विद्वान

**MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY,**
**HIGH COURT OF M.P., JABALPUR**

Hon'ble Shri Justice Rajendra Menon, Administrative Judge, High Court of M.P. addressing the participants in the Workshop on – Professionalism at Work Place for the Registry Officers and Judges of the District Court, Jabalpur. On His Lordship's right is Hon'ble Shri Justice S.S. Kemkar, Judge Incharge, Judicial Education and Shri Kapil Mehta, OSD, MPSJA and on the left is Ms. Parul Rishi, Faculty of HRM, Bhopal
(19th & 20th September, 2015 in the Conference Hall, High Court of M.P., Jabalpur)

**MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY,**
**HIGH COURT OF M.P., JABALPUR**


Workshop on – Key Issues and Challenges under the Scheduled Castes & Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989 held in the Academy on 3rd & 4th October, 2015

**MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY,**
**HIGH COURT OF M.P., JABALPUR**


Workshop on – Key Issues and Challenges under the Prevention of Corruption Act, 1988 held in the Academy on 10th & 11th October, 2015

**MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY,**
**HIGH COURT OF M.P., JABALPUR**

Shri Manohar Mamtani, Principal Registrar (Judicial) addressing the participants in the Workshop on –
Key Issues and Challenges under the Prevention of Corruption Act, 1988 held in the
Academy on 10th & 11th October, 2015

# PART – I

## SECOND JUDICIAL GOVERNANCE PROGRAMME JOINTLY ORGANIZED BY STATE COURT OF SINGAPORE AND CIVIL SERVICES COLLEGE SINGAPORE – AN OVERVIEW

**Ved Prakash***
Registrar General,
High Court of M.P.

The State Courts of Singapore and Civil Services College, Singapore jointly organized **Second Judicial Governance Programme** from 27th to 31st July, 2015 in collaboration of Supreme Court of Singapore. The programme aimed at contributing to 'Enhancement of Judiciary and Legal systems Globally' by sharing Singapore experience in Court Governance, Administration and judicial capabilities with Judges and Court Administrators from around the world.

Twenty-seven Judges/Administrators from across 15 Countries including seven from India, participated in this programme. Having been nominated, by Hon'ble the Chief Justice of India vide Communication dated 28th May, 2015 in the capacity of Registrar General of the High Court of M.P., I also had the privilege to participate in this programme with the kind approval of Hon'ble the Chief Justice.

The programme enabled the participants to have first hand idea about Singapore experience in strengthening its judicial system, which is a tiny country **with a total geographical area of 718 Sq Km**., spreading **42 Km. East to West and 23 Km. South to North**, having no natural resources. Despite being a multi-ethnic society with population density of 7615 per Sq Km., (**Chinese 74%, Malaysian 14%, Indian 9% and others 4%**) Singapore has succeeded in developing a world class system of judicial governance.

**Good governance**, as explained in a document issued by World Bank **(World Bank 1994: Governance The World bank Experience)**, is epitomized by predictable, open and enlightened policy making, a bureaucracy imbued with professional ethos acting in furtherance of the public good, the rule of law, transparent process, and a strong civil society participating in public affairs. Noticeably, as a system of governance, Singapore enjoys parliamentary form of democracy based on West Minister Model with 87 elected members. It has inherited the Common Law System. Having a **single party rule since its independence in 1965**, the leadership of Singapore has provided long term vision and direction with a pragmatic approach, transforming it as a model of good governance.

**The basic principles**, which have fueled the engine of change, generating momentum of growth, in Singapore can be classified as under:-

---

*The views expressed in the write-up are of the Author.

(a) Visionary Leadership

(b) Work for Reward;
Reward for Work

(c) A Stake for Everyone;
Opportunities for All

(d) Anticipate change;
Stay Relevant

- **VISIONARY LEADERSHIP**: **Lee Kuan Yew**, the first Prime Minister of Singapore, who studied law at Fitzwilliam College, Cambridge, UK (1950) and is credited with transformation of Singapore from a township of fishermen to a world class Nation State, said in 1979, "**the moment key leaders are less than incorruptible, less than stern in demanding high standards, from that moment the structure of administrative integrity will weaken, and eventually crumble. Singapore can survive only if ministers and senior officers are incorruptible and efficient**".
- **WORK FOR REWARD; REWARD FOR WORK**: Polity of Singapore attaches highest regard to the members of work force. The system facilitates wealth creation by encouraging work and self-reliance, not dependence on welfare. The resources are allocated for long term competitiveness, with a basic safety frame work. Preference is given to **meritocracy i.e. the best use of talent facilitating growth and development**.
- **A STAKE FOR EVERYONE, OPPORTUNITIES FOR ALL**: Singapore, which is **celebrating 50$^{th}$ year of independence this year** and has attained a status of '**Global City**' and the choice home for many in the world, is an attractive investment destination, particularly because each citizen has stake in growth and each one has opportunity to grow. This has promoted collective responsibility without compromising with the most cherished core values which are :-
  - **Nation before community, society before self.**
  - **Family as the basic unit of society.**
  - **Community support and respect for the individual**.
  - **Consensus, not conflict**
  - **Racial and Religious harmony.**
- **ANTICIPATE CHANGE; STAY RELEVANT**: Change being the rule of nature, every Singaporean believes in being thinking ahead and thinking across and being innovative and organized. This requires connecting with others and staying flexibly as regards respectabilities of ideas.

**The Singapore Judiciary:**

While **the core mission** of Singapore judiciary is to develop as an efficient, competent and honest judicial system with a pragmatic approach to serve the people by ensuring that they have effective access to justice; the **holistic vision** is to take meaningful steps to promote collaborative and multi-disciplinary approach involving as many of the related agencies as possible to achieve a hassle-free journey to deliver justice and at the same time, understanding the role of judicial system in facilitating environment for growth and development of the country including that for trade and investment, locally, regionally and globally.

It is worthwhile to note that **around two decades ago**, the Singapore Judicial System was **perceived as slow, inefficient and inadequate**, however, with strategic planning, effective application of IT tools and dedicated efforts, Singapore, in terms of judicial governance, emerged as **Top Ranking Country**, amongst 144 countries including USA, U.K., Switzerland, India and Australia in the '**Global Competitive Index**' in a study carried out in **2014**.

To establish and maintain as a top ranking system, Singapore Judiciary scrupulously adhered to the **following four values**:

- **Integrity and Transparency**:
  - public trust and confidence in the judiciary rests on its integrity and the transparency of its process this requires that the **public must be assured**-
    - That court decisions are fair and independent.
    - The court staff are incorruptible.
    - Easy accessibility to court services.
    - Better cost management and cost effective services.
    - Court records are accurate.
    - Increased interaction with the users i.e. the voice of the people is heard.

- **Quality Public Service:**
  - Processes are customized and tailored to meet the needs of the court users.
  - The emphasis should be on accessibility, quality and timely delivery of services.
- **Learning and Innovation**:
  - To transform into world-class judiciary, it must be recognized that there is need to continually improve the processes.
  - Therefore, learning and innovation to take the system to the highest levels of performance should be encouraged.

- **Promoting Sense of belongingness in the Staff:**
    - There should always be pre-recognition of the contribution of the staff.

Ability to integrate court processes with cutting edge technology coupled with long term strategic planning and research has helped the Singapore judicial system to understand needs of the users and to evolve **comprehensive, customized and cost effective solutions** in a planned manner for various stake holders. The hall-mark of Singapore judicial system is the **technology driven user-friendly services** for various stakeholders based on best practices and quality standards with a holistic approach to serve the litigants.

Singapore Judiciary, headed by the Chief Justice, consists of:

i. **Supreme Court.**
ii. **State Courts.**
iii. **Specialized Courts like Family Court, Youth Court and Community Division Court.**

The highest moral authority, which the judiciary commands in Singapore, is the '**trust and confidence of the public**' in a system where enforcement of rule and regulation is strict and standard of living is quite high, which can be gathered from the fact that annual per capita income in terms of **US $ (as per World Bank Report of 2013) is 55182 i.e. around Rs. 37.5 Lac. p.a**.

**THE PROGRAMME HIGHLIGHTS**:

- The five days' **Programme on Judicial Governance** commenced with welcome address by Judicial Commissioner See Key Oon, Presiding Judge of the State Courts.
- Discussions and deliberations started with an introduction about fundamentals of good governance in Singapore, how it has been achieved, followed by strategic over view of the legal system in Singapore and integral role of State Courts in the dispensation of justice in Singapore.
- Every session, one after the other, each day, was a learning journey regarding how the Singapore Judiciary has been able to transform itself into the most efficient and trusted system of the world.

Of course India, **ranking 71$^{st}$ as regards governance, on the Global Competitive Index (2014)**, with a liberal parliamentary democracy since its independence, has steadily traversed the path of growth and development but the pace and momentum has not been up to the expectations, thus, leaving a big gap, if compared to other countries of South East Asia like Malaysia, Indonesia and Singapore etc.

India, a vast Country (**Total area 3.28 million Km.), spread over 3214 km. from Kashmir to Kanyakumari** (north – south) and **2933 Km. from Arunanchal Pradesh to Rann of Kutch** (east – west), with a multi-ethnic society, comprising people of many religions, creeds, cultures, races and castes, is required to attain momentum in its journey towards the goal of good and effective governance which invariably includes good judicial governance .

Indian Judiciary, during past two decades, through the tools of Court/Case management, A.D.R. and information technology, has taken a number of initiatives to make the system more efficient and to ensure timely dispensation of justice. However, with growing public expectations, it is but imperative to enhance the momentum of this reform process.

**TAKE HOME LESSONS:**

- The important **take home lessons** from the aforesaid programme, which can be helpful in accelerating the momentum of reform process , are chronicled as under:-

**GENERAL:**

(a) Formulation of **vision, mission and core values** in precise terms and putting them in public domain through different modes.

(b) Creation of a dedicated wing for '**Strategic Court Planning, Quality Management and Integration of Technology with Court Processes'** for enhancing efficiency of system.

(c) **Enhanced use of e-technology** to make system efficient and transparent . Services available for court users may be put in public domain through websites and other modes.

**FOR LITIGANTS:**

**(a)** Increased focus on **citizen centric/litigant centric approach** instead of Court/Judge centric approach.

**(b)** Having an **integrated system for feedback** from court users, stakeholders, dutyholders – online and through feedback forms.

**(c)** Enhancing **interaction with litigants** through **litigant forums** and including interaction with the forum of particular class of litigants like matrimonial litigation, service litigation, labour litigation etc. This may help in identifying their problems. Their perception can help in getting valuable suggestions and effecting quality changes in the working system.

**FOR LAWYERS:**

**(a)** May consider motivating and encouraging **lawyers** at all levels to **render pro bono services**: each lawyer 25 hours per year. Their services can be used in Family/Juvenile Justice matters which can facilitate qualitative and speedy determination of such cases.

**FOR DUTY HOLDERS:**

**(a)** Bringing **change in the mindset of duty holders, particularly Judges, lawyers, Court staff**, impressing upon them that the judicial system, as a service provider, is there to serve the society in a holistic manner.

**(b)** Can consider preparing an '**Yearly Work Plan'** outlining vision, mission and goals for the next year, to be put in public domain.

**(c)** To define and lay down **Key Performance Indicators** (KPI) regarding Judicial and administrative performance at various levels and periodical evaluation of performance on the basis thereof. Those duty holders who are performing better, may be identified and appreciated so as to further motivate them and others as well.

**(d)** Developing the spirit of **self-assessment** and introduction of '**Institutional Self-Assessment Mechanism**' at each and every level through self-assessment forms.

**(e)** Focus on **enhancing productivity with quality**. Increase in working hours on voluntary basis even by half an hour a day may be considered, after taking into confidence the duty holders.

**(f)** Motivating Judges and Administrators to enhance their capacity by up-gradation of knowledge and skills. May consider introduction of '**On-line Test System**' for Judges and staff to evaluate up-gradation of their knowledge and capacity .

**LEGAL PRACTICES/PROCEDURE:**

(a) **Referral of all Motor Accident Claim Cases** for mediation because case load of such cases is around 30% of total Civil pendency.

(b) In civil matters, **fixed court fees jurisdiction-wise** can help in curtailing delays which occur due to disputes with regard to court fees. This may drastically reduce life span of civil cases.

(c) May consider **audio recording of evidence** in criminal trials involving serious offences. This may not involve much expenditure in view of the installation of computer system in each and every Court.

(d) In criminal matters it is high time to conduct '**empirical study on sentencing**' for ensuring consistency in sentencing. This may require introducing a study project through **State Judicial Academy or law schools** regarding trends and practices in sentencing.

(e) Exploring option for **e-filing and e-court fee on optional basis** with some preferential terms as regards processing of the case.

•

# अनुसंधान, जमानत, प्रसंज्ञान और प्रक्रिया अजा और अजजा (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के संदर्भ में

**प्रदीप कुमार व्यास**
प्रभारी संचालक
म.प्र. राज्य न्यायिक अकादमी

प्रायः विशेष न्यायाधीश महोदय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के समक्ष अनुसंधान, प्रसंज्ञान, अग्रिम जमानत और विशेष न्यायालय द्वारा अपनायी जाने वाली प्रक्रिया आदि के बारे में कई प्रश्न उत्पन्न होते हैं और विशेष न्यायालय का अमूल्य समय नष्ट होता है यहाँ इन्हीं विषयों पर स्थापित वैधानिक स्थिति के बारे में चर्चा करेंगे।

## 1. अनुसंधान

अनुसंधान को धारा 2 (एच) द.प्र.स.1973 में परिभाषित किया गया है जिसके अनुसार अनुसंधान के अन्तर्गत वे सब कार्यवाहियाँ आती हैं जो इस संहिता के अधीन पुलिस अधिकारी द्वारा या (मजिस्ट्रेट से भिन्न) किसी भी ऐसे व्यक्ति द्वारा जो मजिस्ट्रेट द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किया गया है, साक्ष्य एकत्रित करने के लिए की जाये।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अधीन किये गये किसी अपराध के अन्वेषण के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम, 1995 के नियम 7 में प्रावधान है जो इस प्रकार है :–

| | |
|---|---|
| Investigating Officer.- (1) An offence committed under the Act shall be investigated by a police officer not below the rank of a Deputy Superintendent of Police. The investigating officer shall be appointed by the State Government, Director-General of Police, Superintendent of Police after taking into account his past experience, sense of ability and justice to perceive the implications of the case and investigate it along with right lines within the shortest possible time. | अन्वेषक अधिकारी – (1) अधिनियम के अधीन किए गए किसी अपराध का अन्वेषण ऐसे पुलिस अधिकारी द्वारा किया जाएगा जो पुलिस उप–अधीक्षक की रैंक से कम न हो। अन्वेषक अधिकारी की नियुक्ति राज्य सरकार / पुलिस महानिदेशक /पुलिस अधीक्षक द्वारा उसके पूर्व अनुभव, मामले की विविक्षाओं को समझने और मामले का अन्वेषण सही दिशा में कम से कम समय के भीतर करने की योग्यता और न्याय की भावना को ध्यान में रखकर की जाएगी। |
| (2) The investigating officer so appointed under sub-rule (1) shall complete the investigation on top priority within thirty days and submit the report to the Superintendent of Police who in turn will immediately forward the report to the Director-General of Police of the State Government. | (2) उपनियम (1) के अधीन इस प्रकार नियुक्त अन्वेषक अधिकारी अन्वेषण उच्च प्राथमिकता पर तीस दिन के भीतर पूरा करेगा और पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा जो उसके पश्चात् उसे उस राज्य सरकार के पुलिस महानिदेशक को तत्काल भेज देगा। |

| | |
|---|---|
| (3) The Home Secretary and the Social Welfare Secretary to the State Government, Director of Prosecution the officer-in-charge of Prosecution and the Director-General of Police shall review by the end of every quarter the position of all investigations done by the investigating officer. | (3) राज्य सरकार के गृह सचिव और समाज कल्याण सचिव अभियोजन निदेशक/अभियोजन के भारसाधक अधिकारी तथा पुलिस महानिदेशक प्रत्येक तिमाही के अन्त में अन्वेषण अधिकारियों द्वारा किए गए सभी अन्वेषणों की स्थिति का पुनर्विलोकन करेंगे। |

उक्त नियम से यह स्पष्ट है कि अधिनियम के अधीन किये गये किसी अपराध का अन्वेषण पुलिस उप–अधीक्षक की रैंक के पुलिस अधिकारी द्वारा किया जाना चाहिए।

इस संबधं में न्यायदृष्टांत ***धनराज सिंह विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2005 (3) एमपीएलजे 332*** में यह प्रतिपादित किया गया है धारा 3 (1) (x) अधिनियम के अधीन अभियुक्त को दोषसिद्ध किया गया था लेकिन अन्वेषण ऐसे अधिकारी द्वारा नहीं किया गया था जो पुलिस उप–अधीक्षक अथवा उससे उच्च रैंक का हो जैसा कि नियम 7 में अपेक्षित है। नियम 7 का अनुपालन आज्ञापक है और ऐसा अनुपालन नहीं करने से अन्वेषण दूषित हो जाता है अतः दोषसिद्धि एवं दण्डादेश अपास्त किया गया था।

इस मामले में यह कहा गया था कि अधिनियम और नियम का कठोरता से अर्थान्वयन करना चाहिए तभी इन विशेष नियम को जिस उद्देश्य से बनाया गया है उसे प्राप्त किया जा सकेगा क्योंकि यह अधिनियम और नियम वर्षों से उपेक्षित वर्ग के सुरक्षा के लिए बनाये गये है।

न्यायदृष्टांत ***भारत सिंह विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2006 (4) एमपीएलजे 171*** के अनुसार नियम 7 के प्रावधान आज्ञापक है अन्वेषण विशेष रूप से नियुक्त उप–पुलिस अधीक्षक ही कर सकते है और जहाँ अन्वेषण कनिष्ठ पुलिस अधिकारी ने किया जिसने सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण पत्र भी नहीं लिया कि परिवादी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य है ऐसे में दोषसिद्धि और दण्डादेश अपास्त किया गया। इस मामले में यह भी प्रतिपादित किया गया कि धारा 5 (अब धारा 17) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1947 और नियम 7 आपस में पेरिमटेरिया नहीं है।

इस तरह उक्त दोनों मामलों में माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने नियम 7 को आज्ञापक बतलाया है और उसका अनुपालन न होने पर दोषसिद्धि और दण्डादेश को अपास्त किया था।

इसके विपरीत न्यायदृष्टांत ***केशव सिंह विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., आईएलआर 2006 एमपी 1443*** के अनुसार नियम 7 का अनुपालन न करने से विचारण दूषित नहीं होता है और अनुसंधान की कोई कमी या अवैधता चाहे जितनी गंभीर हो वह न्यायालय की सक्षमता जो कि विचारण और प्रसंज्ञान के संबंध में है उसे सीधा प्रभावित नहीं करती है। इस मामले में यह भी कहा गया कि उक्त न्यायदृष्टांत धनराज सिंह विभेदित किये जाने योग्य है।

इस तरह जहाँ एक ओर उक्त ***धनराज सिंह*** और ***भारत सिंह*** के मामलों में नियम 7 को आज्ञापक बतलाया गया है और उसका अनुपालन न करने के कारण दोषसिद्ध और दण्डादेश अपास्त किया गया

था वहीं दूसरी और उक्त केशव सिंह वाले मामले में यह बतलाया गया था कि नियम 7 का अनुपालन न करने से विचारण दूषित नहीं होता है क्योंकि अनुसंधान की कमी या अवैधता चाहे जितनी गंभीर हो न्यायालय की प्रसंज्ञान और सक्षमता से सीधा संबंध नहीं रखती है और उसे प्रभावित नहीं करती है।

उक्त परस्पर विरोधी स्थिति को देखते हुए न्यायदृष्टांत ***भगवान सिंह विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., आईएलआर 2008 एमपी 1514*** में मामला बड़ी बैंच को निम्न बिन्दुओं को स्पष्ट करने के लिए रेफर किया गया था :–

1. क्या नियम 7 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण ) नियम, 1995 आज्ञापक है ?
2. क्या उक्त नियम का अनुपालन न करने के कारण पूरा विचारण दूषित होगा या केवल अधिनियम, 1989 से संबंधित अपराध के बारे में विचारण दूषित होगा?
3. क्या नियम 7 का अनुपालन न करने की आपत्ति अपील न्यायालय के समक्ष प्रथम बार उठाई जा सकती है?
4. यदि यह पाया जाता है कि नियम 7 आज्ञापक है तो क्या न्यायालय नियम 7 के अनुसार पुनः अनुसंधान करने के निर्देश और नया अभियोग पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दे सकती है?

खण्डपीठ ने दाण्डिक अपील 110/2000 में दिनांक 24.08.2007 को उक्त रेफरेन्स का इस प्रकार उत्तर दिया :–

1. नियम 7 के प्रावधान आज्ञापक प्रकृति के है।
2. नियम 7 का अनुपालन न करने से पूरा विचारण दूषित नहीं होगा किन्तु अधिनियम, 1989 से संबंधित अपराध का विचारण दूषित होगा जब तक कि भारतीय दण्ड संहिता के अधीन अपराध, अधिनियम, 1989 के अपराध से सीधे संबंधित न हो।
3. नियम 7 के प्रावधान का अनुपालन न करने की आपत्ति प्रथम बार अपील न्यायालय के समक्ष उठाई जा सकती है किन्तु अभियुक्त को अपील न्यायालय को संतुष्ट करवाना होगा कि ऐसा अनुपालन न करने से उसके हितों पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है जिससे न्याय की हानि हुई है जब तक अभियुक्त अपील न्यायालय को इस बारे में संतुष्ट नहीं करता है कि न्याय की हानि हुई है तब तक वह इस प्रावधान का पालन न होने का काई लाभ नहीं पा सकता।
4. यदि नियम 7 का अनुपालन न करने की आपत्ति सर्वप्रथम अवसर पर उठाई जाती है और न्यायालय आपत्ति से संतुष्ट होता है तो वह पुनः अनुसंधान करके नया अभियोग पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दे सकता है लेकिन कार्यवाही के बहुत बाद की अवस्था में यदि ऐसी आपत्ति ली जाती है तब पुनः अनुसंधान का आदेश नहीं कर सकती है।

इस प्रकार जो दो परस्पर विरोधी मत पूर्व में थे उनका उक्तानुसार समाधान किया गया नियम 7 को आज्ञापक होना निर्धारित किया गया लेकिन नियम 7 का अनुपालन न करने से केवल अधिनियम, 1989 से संबंधित अपराध का विचारण दूषित होता है यदि उसी विचारण में भारतीय दण्ड

संहिता का या अन्य कोई अपराध भी हो तो उनसे संबंधित विचारण दूषित नहीं होता है जब तक कि दोनों अपराध अंतर संबंधित न हो साथ ही यदि ऐसी आपत्ति कार्यवाही के प्रारंभिक स्तर पर की गई हो तो न्यायालय नियम 7 के अनुसार पुनः अनुसंधान के निर्देश दे सकती है लेकिन बहुत बाद की अवस्था में पुनः अनुसंधान के निर्देश नहीं दे सकती है।

न्यायदृष्टांत ***स्टेट ऑफ एम. पी. विरूद्ध चुन्नी लाल उर्फ चुन्नी सिंह, 2009 एआईआर एससी डब्ल्यू 5335*** के अनुसार यदि धारा 3 अधिनियम, 1989 और भारतीय दण्ड संहिता से संबधित मामले में नियम 7 का अनुपालन नहीं किया गया तब भारतीय दण्ड संहिता के अधीन दण्डनीय अपराध में कार्यवाही सक्षम न्यायालय द्वारा जारी रहेगी जबकि धारा 3 अधिनियम, 1989 के अधीन कार्यवाही अभिखंडित कर दी जाऐगी क्योंकि नियम 7 के अधीन नियुक्त अधिकारी ने अनुसंधान नहीं किया है तो ऐसा अनुसंधान अवैध है। यही मत स्टेट ऑफ पंजाब विरूद्ध हरदयाल सिंह, (2009) 15 एससीसी 106 में भी दिया गया।

इस प्रकार माननीय सर्वोच्च न्यायालय के उक्त दोनों न्यायदृष्टांत के प्रकाश में यह स्थिति स्पष्ट होती है कि एक ही मामले में अधिनियम, 1989 और भारतीय दण्ड संहिता के अधीन दण्डनीय अपराध हो और नियम 7 का अनुपालन नहीं हुआ हो तब अधिनियम, 1989 के तहत अपराधों का विचारण दूषित होगा पूरा विचारण दूषित नहीं होगा।

न्यायदृष्टांत ***एच.एन. रिशबुद विरूद्ध स्टेट ऑफ देहली, एआईआर 1955 एससी 196*** तीन न्यायमूर्तिगण पीठ के अनुसार किसी विशिष्ट वैधानिक प्रावधान जिसके अनुसार अनुसंधान पुलिस उप अधीक्षक की रैंक के नीचे की रैंक के अधिकारी द्वारा किया जाना यदि निषेधित हो तब धारा 156 (2) दंप्रसं. के प्रावधान इस कमी को नहीं सुधार सकते। यदि ऐसे आज्ञापक प्रावधान का उल्लंधन पर्याप्त प्रारंभिक स्तर पर न्यायालय के ध्यान पर लाया जाता है तब न्यायालय पुनः अनुसंधान का आदेश करके इस कमी को सुधार सकते है।

न्यायदृष्टांत ***ए.सी. शर्मा विरूद्ध देहली एडमीनिस्ट्रेशन, एआईआर 1973 एससी 913*** तीन न्यायमूर्तिगण की पीठ के अनुसार अनुसंधान की कमी सक्षम न्यायालय के विचारण की वैधानिकता को प्रभावित नहीं करती है।

इस प्रकार उपरोक्त समस्त वैधानिक स्थितियों पर विचार करने से यह निष्कर्ष निकलता है कि :–

1. नियम 7 के प्रावधान आज्ञापक प्रकृति के है जिसके अनुसार अधिनियम, 1989 से संबंधित अपराध का अनुसंधान पुलिस उप– अधीक्षक की रैंक के अधिकारी द्वारा किया जाना चाहिए।
2. यदि इससे कम रैंक के पुलिस अधिकारी द्वारा अनुसंधान किया जाता है और यह कमी प्रारंभिक स्तर पर ही न्यायालय के ध्यान में आ जाती है तो न्यायालय पुनः अनुसंधान करके फ्रेश अभियोग पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दे सकती है लेकिन कार्यवाही के बहुत बाद की अवस्था में ऐसे निर्देश नहीं दिये जा सकते।
3. नियम 7 का अनुपालन न करने से अधिनियम, 1989 से संबंधित अपराधों का विचारण दूषित हो जाता है लेकिन उसी कार्यवाही में भारतीय दण्ड संहिता के अन्य अपराध भी हो जिसमें दण्ड

प्रक्रिया संहिता के अनुसार उचित पुलिस अधिकारी ने अनुसंधान किया हो तो शेष अपराधों से संबंधित विचारण दूषित नहीं होता है लेकिन अधिनियम से संबंधित अपराध और भारतीय दण्ड संहिता से सबंधित अपराध अंतरसंबंधित हो तो स्थिति भिन्न होती है।

4. नियम 7 का अनुपालन न करने की आपत्ति अपील के स्तर पर भी उठाई जा सकती है लेकिन अभियुक्त को अपील न्यायालय को यह संतुष्ट करवाना होगा कि नियम 7 के अनुपालन ने करने से उसके हितों पर गंभीर प्रतिकूल असर पड़ा है जिससे न्याय की हानि हुई तभी अभियुक्त को लाभ मिलेगा अन्यथा नहीं।

अतः मामले को उपार्पित या कमिट करने वाले प्रत्येक मजिस्ट्रेट और प्रत्येक विशेष न्यायाधीश को प्रारंभिक स्तर पर ही अभियोग पत्र को देखकर यह समाधान कर लेना चाहिए कि नियम 7 के अनुसार उप पुलिस अधिक्षक या उससे उच्च रैंक के पुलिस अधिकारी द्वारा अधिनियम, 1989 से संबंधित अपराध का अनुसंधान किया गया है या नहीं और यदि नहीं किया गया है तो प्रारंभिक स्तर पर ही नियम 7 के अनुसार पुनः अनुसंधान करके नया या फ्रेश अभियोग पत्र पेश करने के निर्देश दे देना चाहिए ताकि बाद में अपील न्यायालय में ये विवाद नहीं रहे कि इस कमी से अभियुक्ति के हितों पर प्रतिकूल असर गिरा है या नहीं या न्याय की हानि हुई है या नहीं आदि।

मजिस्ट्रेट पुलिस अभिरक्षा या न्यायिक अभिरक्षा स्वीकार करते समय ही इस तथ्य को आसानी से देख सकते है।

## 2 प्रसंज्ञान

प्रसंज्ञान की कोई परिभाषा अधिनियम 1989 या द.प्र.सं में नहीं दी गयी है। न्यायदृष्टांत ***गोपालदास विरूद्ध स्टेट आफ असम, ए.आई.आर 1961 एस.सी 986*** तीन न्यायमूर्तिगण की पीठ निर्णय चरण सात में अपराध का संज्ञान क्या है यह बतलाया गया है जिसके अनुसार जहाँ मजिस्ट्रेट उसके मस्तिष्क का प्रयोग इस उद्देश्य से करता है कि अध्याय 15 द.प्र.स. के विभिन्न प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाये तब यह कहा जाता है कि उसने अपराध का संज्ञान ले लिया है लेकिन अन्य क्रियायें जैसे परिवाद को धारा 156(3) द.प्र.सं. के अधीन पुलिस को अनुसंधान के लिए भेजना, अनुसंधान के उद्देश्य से तलाशी वारंट जारी करना आदि तब यह नहीं कहा जाता है कि उसने अपराध का संज्ञान ले लिया है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***आर सी. चारी विरूद्ध स्टेट आफ एम.पी., ए.आई.आर 1951 एस.सी 207*** एवं ***नारायण दास भगवान दास विरूद्ध स्टेट आफ वेस्ट बंगाल, ए.आई.आर. 1951 एस.सी. 1118*** भी अवलोकनीय है जिन पर इस मामले में भरोसा किया गया है।

नवीनतम न्याय दृष्टांत ***भूषण कुमार विरूद्ध स्टेट, (2012) 5 एस.सी.सी. 424*** के अनुसार संज्ञान का शब्द का अर्थ 'बीकम अवेयर आफ' अर्थात किसी चीज का ज्ञान होना बतलाया गया है और यह कहा गया है कि जब यह शब्द न्यायालय या न्यायाधीश के संदर्भ में प्रयुक्त होता है तब इसका अर्थ 'टू टेक नोटिस ज्यूडिशियसली' अर्थात किसी तथ्य का न्यायिक तरीके से नोटिस लेना होता है।

न्यायदृष्टांत ***सी.आर.ई.एल. फाइनेन्स लिमिटेड विरूद्ध श्री शान्ति होम प्राइवेट लिमिटेड, (2005) 7 एस.सी.सी. 467*** के अनुसार संज्ञान लेना और धारा 204 द.प्र.सं. के तहत प्रोसेस जारी करना अलग अलग तथ्य है इसे भी ध्यान में रखना चाहिए।

अधिनियम, 1989 में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जिसके तहत धारा 14 के तहत गठित विशेष न्यायालय सीधे प्रसंज्ञान ले सके।

धारा 14 अधिनियम के अनुसार इस अधिनियम के अधीन अपराधों का विचारण करने के लिए प्रत्येक जिले के सेशन न्यायालय को विशेष न्यायालय के रूप में राज्य सरकार विर्निदिष्ट करेगी और वह ऐसा मुख्य न्यायाधिपति की सहमति से करेगी।

इस प्रावधान को भी देखे तो विशेष न्यायालय एक सेशन न्यायालय है।

धारा 193 दंप्रसं के अनुसार इस संहिता द्वारा या तत्समय प्रवृत किसी अन्य विधि द्वारा अभिव्यक्त रूप से जैसा उपबंधित है उसके सिवाय कोई सेशन न्यायालय आरंभिक अधिकारिता वाले न्यायालय के रूप में किसी अपराध का संज्ञान तब तक नहीं करेगा जब तक कि मामला इस संहिता के अधीन मजिस्ट्रेट द्वारा उसे सुपुर्द नहीं कर दिया जाता।

न्यायदृष्टांत ***गांगुला अशोक विरूद्ध स्टेट ऑफ आंध्रप्रदेश, एआईआर 2000 एससी 740*** के अनुसार अधिनियम, 1989 की धारा 14 के अधीन गठित विशेष न्यायालय जब तक उसे प्रकरण उपार्पित नहीं किया जाता वह अपराध का संज्ञान नहीं लें सकती है।

न्यायदृष्टांत ***एम.ए. कुट्टीअप्पन विरूद्ध ई. कृष्णन नायर, 2004 एआईआर एससीडब्ल्यू 1323*** एवं न्यायदृष्टांत ***गोदेन प्रसाद विरूद्ध मुन्ना, 2004 (4) एमपीएचटी 457*** के अनुसार विशेष न्यायालय सीधे परिवाद ग्रहण करके, प्रसंज्ञान लेकर आदेशिका जारी नहीं कर सकती है।

न्यायदृष्टांत ***मोली विरूद्ध स्टेट ऑफ केरला, 2004 एआईआर एससीडब्ल्यू 1708*** के अनुसार विशेष न्यायालय मामला उपार्पित होकर प्राप्त हुए बीना सीधे अपराध का प्रसंज्ञान नहीं ले सकती है।

इस प्रकार विधिक स्थिति यह स्पष्ट होती है कि विशेष न्यायालय को सीधे परिवाद या अभियोग पत्र ग्रहण करके प्रसंज्ञान नहीं लेना चाहिए बल्कि मामला मजिस्ट्रेट द्वारा उपार्पित होकर प्राप्त होने के बाद प्रसंज्ञान लेना चाहिए।

लेकिन न्यायदृष्टांत ***स्टेट ऑफ एम.पी. विरूद्ध भूरजी, एआईआर 2001 एससी 3372*** के अनुसार यदि विशेष न्यायालय ने मामला उपार्पित हुए बिना प्रसंज्ञान ले लिया है जो कि तत्समय की विधिक स्थिति को मानते हुए लिया है तब केवल सर्वोच्च न्यायालय के बाद के निर्णय में यह अभिमत दे देने के कारण कि विशेष न्यायालय मामला उपार्पित हुए बिना प्रसंज्ञान नहीं ले सकती है तो विशेष न्यायालय ऐसे अभिमत के कारण इनकाम्पेटेंट नहीं हो जाती और ऐसी अनियमितता से न्याय की हानि प्रकट नहीं होती है और ऐसी प्रक्रिया की कमी के कारण विशेष न्यायालय द्वारा किया गया विचारण प्रभावित नहीं होता है।

न्यायदृष्टांत ***छोटे लाल विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., आईएलआर 2007 एमपी 808 (डीबी)*** में भी यह प्रतिपादित किया गया है कि धारा 193 दंप्रसं का अनुपालन न होने से विचारण दूषित नहीं होता है।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय की तीन न्यायमूर्तिगण की पीठ ने न्यायदृष्टांत ***रत्ति राम विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., (2012) 4 एससीसी 516*** में यह अभिमत दिया है कि विशेष न्यायालय द्वारा यदि मामला सीधे ग्रहण करके प्रसंज्ञान ले लिया है और इस कारण धारा 193 दंप्रसं. का अननुपालन हुआ है तो मात्र इस आधार पर विचारण दूषित नहीं होता है और दोषसिद्धि अपास्त नहीं की जा सकती या पुनः विचारण का निर्देश नहीं दिया जा सकता क्योकि अभियुक्त के हितों पर कोई प्रतिकूल असर उक्त कारण से (विशेष न्यायालय द्वारा सीधे प्रसंज्ञान ले लेने के कारण) नहीं गिरता है और न ही न्याय की हानि होती है। इस मामले में कि यह भी स्पष्ट किया गया है कि दंप्रसं., 1898 में धारा 207 और 207–ए में उपार्पण की पूरी प्रक्रिया निर्धारित थी जिसमें मजिस्ट्रेट पूरी जाँच करके साक्ष्य लेकर मामला उपार्पित करते थे लेकिन दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है और मजिस्ट्रेट को अनन्यतः सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय मामला प्रकट होने पर धारा 209 दंप्रसं के तहत आवश्यक कार्यवाही करके उसे सत्र न्यायालय को उपार्पित करना होता है अतः प्रकरण की यह अवस्था कोई वाईटल स्टेज नहीं मानी गई है।

न्यायदृष्टांत ***मोहम्मद जूनेद उर्फ जावेद विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी.,*** दाण्डिक पुनरीक्षण 645/2013 आदेश दिनांक 4 जनवरी, 2014 में पास्को अधिनियम और अधिनियम, 1989 के प्रावधानों को विचार में लेते हुए और उक्त न्यायदृष्टांत रत्ति राम को विचार में लेते हुए यह प्रतिपादित किया है कि यदि विशेष न्यायालय ने सीधे अभियोग पत्र लेकर प्रसंज्ञान ले लिया है तो मात्र इस कारण से विचारण दूषित नहीं होता जब तक कि अभियुक्त यह न दर्शावे कि ऐसा करने से उसके हितों पर प्रतिकूल असर गिरा है।

वैसे भी न्याय दृष्टांत ***धरम पाल विरूद्ध स्टेट आफ हरियाणा, 2013 सी.आर.एल.जे. 3900*** पाँच न्यायमूर्तिगण की पीठ में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यह प्रतिपादित किया है कि उपार्पण मजिस्ट्रेट एक निष्क्रिय भूमिका मामले को उपार्पित करते समय निभाता है उसके लिए मामला उपार्पित करते समय अपराध का प्रसंज्ञान लेना आवश्यक नहीं होता है मजिस्ट्रेट को केवल यह देखना होता है कि मामला क्या अनन्यतः सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय है और यदि हाँ तो उसे मामला उपार्पित कर देना चाहिए और धारा 193 द.प्र.सं के तहत सत्र न्यायालय को मूल क्षेत्राधिकार के न्यायालय की सभी शक्तियाँ होती हैं और सत्र न्यायालय ही प्रसंज्ञान लेने की कार्यवाही करते हैं। ***हरदीप सिंह विरूद्ध स्टेट आफ पंजाब, (2014) 3 एस.सी.सी. 92*** पाँच न्यायमूर्तिगण की पीठ के अनुसार मजिस्ट्रेट धारा 207 से 209 द.प्र.सं. के प्रक्रम पर मामले के गुण दोष पर मस्तिष्क का प्रयोग करने से निषेधित होते हैं।

अतः विधिक स्थिति यह स्पष्ट होती है कि विशेष न्यायालय को जब तक मामला मजिस्ट्रेट द्वारा उपार्पित होकर प्राप्त न हो जावे तब तक सीधे प्रसंज्ञान नहीं लेना चाहिए और प्रारंभिक स्तर पर ही इस बारे में सावधानी रखना चाहिए।

यदि मामले में पास्को अधिनियम, 2012 और अधिनियम, 1989 दोनों ही है और विशेष न्यायालय ने सीधे प्रसंज्ञान ले लिया है तो मात्र इस कारण से विचारण दूषित नहीं होता है क्योंकि अभियुक्त के हितों पर इससे कोई प्रतिकूल असर नहीं गिरता है न ही न्याय की हानि होती है अभियुक्त को यह दर्शाना होता है कि मामला उपार्पित होकर नहीं आने से और विशेष न्यायालय द्वारा सीधे प्रसंज्ञान ले

लेने से अभियुक्त के हितों पर प्रतिकूल असर गिरा है या न्याय की हानि हुई है। दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के लागू हो जाने के बाद उपार्पण की कार्यवाही में महत्वपूर्ण परिर्वतन हुआ है। ***धरमपाल*** (उपरोक्त) वाले पाँच न्यायमूर्तिगण की पीठ सर्वोच्च न्यायालय के अभिमत के प्रकाश में प्रसंज्ञान मजिस्ट्रेट को नहीं लेना चाहिए बल्कि मामला उपार्पित होकर पहुंचने के बाद सत्र न्यायालय प्रसंज्ञान लेती है।

### 3. जमानत

जमानत के संबंध में धारा 18 अधिनियम, 1989 में यह प्रावधान है कि दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 438 की कोई बात इस अधिनियम के अधीन किसी अपराध करने के अभियोग में किसी व्यक्ति के गिरफ्तारी के संबंध में लागू नहीं होगी।

## ए. प्रावधान की संवैधानिकता

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायदृष्टांत ***स्टेट ऑफ एम.पी. विरूद्ध रामकृष्ण बलोथिया, एआईआर 1995 एससी 1198*** में यह प्रतिपादित किया है कि धारा 18 अधिनियम, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन नहीं करती है इस अधिनियम के अपराधों में धारा 438 दंप्रसं. के प्रावधान का लागू न होना संविधान के उक्त अनुच्छेदों का उल्लंघन नहीं है इस मामले में यह भी कहा गया कि संविधान के अनुच्छेद 21 में जो जीवन का अधिकार दिया है उसमें अग्रिम जमानत शामिल नहीं है अग्रिम जमानत अधिकार पूर्वक नहीं मांगी जा सकती है और यह संविधान के अनुच्छेद 21 का आवश्यक अंग नहीं है।

इस मामले में निर्णय चरण 9 में यह भी कहा गया है कि ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि को देखे तो छुआ–छूत का व्यवहार रहा है और यदि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के विरूद्ध यह अपराध किये जाते है और उनमें अग्रिम जमानत दे दी जाती है तो अभियुक्त इस स्वतंत्रता का दुरूपयोग करेंगे आहत को भयभीत करेंगे, अनुसंधान को प्रभावित करेंगे इन्हीं सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए धारा 18 का प्रावधान किया गया है।

## बी. समानता के सिद्धांत पर

समानता का सिद्धांत या लॉ ऑफ पेरेटी यह है कि यदि किसी मामले में एक अभियुक्त की जमानत यदि वरिष्ठ न्यायालय द्वारा ले ली जाती है तो समान प्रकार के मामले वाला सह–अभियुक्त जमानत का हकदार हो जाता है इस सिद्धांत को न्यायदृष्टांत ***मनोहर विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., आईएलआर 2007 एमपी 837*** एवं ***बद्री निहाले विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2006 (1) एमपीएलजे 166*** में स्पष्ट किया गया है।

न्यायदृष्टांत ***सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2001 (1) एमपीएलजे 683*** के अनुसार यदि धारा 18 अधिनियम के प्रावधान के विरूद्ध यदि एक अभियुक्त को अग्रिम जमानत दे दी गई है तब भी सह अभियुक्त समानता के सिद्धांत के आधार पर अग्रिम जमानत का हकदार नहीं होता है क्योंकि ऐसे में समानता का सिद्धांत लागू नहीं होता है।

## सी. अभियोग पत्र में अधिनियम के अपराध न दर्शाना

न्यायदृष्टांत ***बाबू सिंह विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 1991 एमपीजेआर एसएन 9*** के अनुसार यदि अभियोग पत्र में पुलिस ने उपेक्षा वश या उसकी सुविधा के कारण अधिनियम,1989 के अपराध नहीं दर्शायें हो तब भी धारा 18 अधिनियम की बाधा आती है और न्यायालय को अभियोग पत्र के आधार पर अधिनियम के अपराध का नोटिस लेना चाहिए।

न्यायदृष्टांत ***विलास पांडुरंग पवार विरूद्ध स्टेट ऑफ महाराष्ट्र, एआईआर 2012 एससी 3316*** के अनुसार यह न्यायालय का कर्तव्य है कि वह यह देखें कि क्या अधिनियम की धारा 3(1) में वर्णित अपराध के अभियोग लगाये गये है और ऐसे में धारा 18 की बाधा लागू होगी।

## डी. प्रथम दृष्टयॉ मामला

न्यायदृष्टांत ***बच्चू लाल विरूद्ध स्टेट ऑफ बिहार, (2014) 3 एससीसी 471*** के अनुसार यदि धारा 3 अधिनियम प्रथम दृष्टयॉ बनना प्रतीत होती है तब अग्रिम जमानत लेने में धारा 18 की बाधा आकर्षित होती है।

न्यायदृष्टांत ***दुले सिंह विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 1993 (1) एमपीजेआर 223*** के अनुसार परिवादी जब ईटों के ढेर से ईट चुन रही थी तब ईटों का ढेर गिर गया इस कारण उसे गालियॉं दी गई इस स्थिति में धारा 18 अधिनियम की बाधा लागू नहीं होगी और धारा 438 दंप्रसं. ऐसे मामले में लागू होगी।

न्यायदृष्टांत ***मोहर सिंह विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 1995 जेएलजे 584*** के अनुसार अधिनियम के अधीन अपराध गठित होने के अभियोग पर ही धारा 18 की बाधा अग्रिम जमानत में लागू होगी। इस बारे में ***सुरेश कुमार विरूद्ध स्टेट ऑफ एमपी, 1999 (1) जेएलजे 84, कल्याण सिंह विरूद्ध स्टेट ऑफ एमपी, 1995 (2) एमपीडब्ल्यूएन 5, बाबू विरूद्ध स्टेट ऑफ एमपी, 1996 (2) एमपीडब्ल्यूएन 98, रामदयाल विरूद्ध स्टेट ऑफ एमपी, 1991 जेएलजे 468, तुलसी बाई विरूद्ध स्टेट ऑफ एमपी , 1992 (1) एमपी डब्ल्यू एन 2*** और ***अरूण कुमार शर्मा विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी.,1991 (2) एमपी डब्ल्यूएन 92***, भी अवलोकनीय है जिसमें यही विधि प्रतिपादित की गई है कि यदि प्रथम दृष्टयॉ अधिनियम, 1989 के अपराध बनाना प्रतीत नहीं होते है तब धारा 18 की बाधा आकर्षित नहीं होती है।

## ई. अभियोक्त्री का चरित्र

न्यायदृष्टांत ***कृति मार्टिन विरूद्ध स्टेट ऑफ एमपी, 2010 सीआर एलजे 318*** के अनुसार अभियोक्त्री का चरित्र जमानत या अग्रिम जमानत स्वीकार करने का आधार नहीं हो सकता। अभियुक्त के विरूद्ध प्रथम दृष्टयॉ परिवादी को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की जानते हुए उसके साथ बलात्कार करने के अभियोग है अभियुक्त एक पुलिस अधिकारी है मामले के तथ्यों में उसे अग्रिम जमानत का पात्र नहीं माना गया।

## एफ. जे. जे. एक्ट, 2000 और अधिनियम, 1989

न्यायदृष्टांत ***कपिल दुर्गवानी विरूद्ध स्टेट ऑफ एमपी, आईएलआर 2000 एमपी 2003*** के अनुसार धारा 12 जे. जे. एक्ट, 2000 का धारा 18 अधिनियम, 1989 पर अभिभावी प्रभाव नहीं है दोनों प्रावधान अलग–अलग है दोनों का क्षेत्र और प्रयोग अलग है।

न्यायदृष्टांत ***ताराचंद विरूद्ध स्टेट, 2007 सीआरएलजे 3047*** के अनुसार धारा 2 (के) किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000 में परिभाषित किशोर के मामले में अग्रिम जमानत आवेदन पत्र प्रचलन योग्य होता है और धारा 18 का वर्जन या 'बार' लागू नहीं होता।

## जे. जमानत और मजिस्ट्रेट की भूमिका

अधिनियम 1989 में धारा 18 के अलावा जमानत के बारे में और कोई प्रावधान नहीं है और ऐसे में दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की द्वितीय अनुसूचि लागू होगी और यदि कोई अपराध तीन वर्ष से कम के कारावास से दण्डनीय है तो वह जमानतीय होगा और तीन वर्ष से अधिक दण्ड से दण्डनीय अपराध अजमानतीय होगा।

मजिस्ट्रेट दण्ड की मात्रा को देखते हुए धारा 437 दंप्रसं. की शक्तियों का प्रयोग करके समुचित मामलें में जमानत दे सकते है इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***राकेश जैन विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2001(3) एमपीएलजे 356, सजय नरहर मालसे विरूद्ध स्टेट ऑफ महाराष्ट्र, 2005 सीआरएलजे 2984, ए.एम. अली विरूद्ध स्टेट ऑफ केरला, 2000 सीआरएलजे 2721*** और ***एलेक्स विरूद्ध स्टेट ऑफ केरला, 2007 सीआरएलजे 2835*** अवलोकनीय है।

इस तरह विधिक स्थिति यह स्पष्ट होती है कि जहाँ प्रथम दृष्टयॉ अधिनियम, 1989 के अधीन अपराध किया जाना प्रतीत होता है वहाँ धारा 18 का अग्रिम जमानत के विरूद्ध वर्जन या 'बार' लागू होता है और विशेष न्यायाधीश ऐसे मामलों में अग्रिम जमानत नहीं दे सकते है लेकिन जहाँ प्रथम दृष्टयाँ अधिनियम, 1989 के अधीन अपराध किया जाना प्रतीत नहीं होता है वहाँ धारा 18 की अग्रिम जमानत के विरूद्ध बाधा लागू नहीं होती है और ऐसे मामले में अग्रिम जमानत दी जा सकती है।

नियमित जमानत के मामले में दंप्रसं. की द्वितीय अनुसूची लागू होगी क्योंकि अधिनियम में जमानत के बारे में और कोई प्रावधान नहीं है समुचित मामले में मजिस्ट्रेट भी धारा 437 दंप्रसं. के तहत अभियुक्त को जमानत का लाभ दे सकते है।

## 4 प्रक्रिया

अधिनियम में विशेष न्यायालय द्वारा अपनायी जाने वाले प्रक्रिया के बारे में कोई प्रावधान नहीं है लेकिन न्यायदृष्टांत ***मीराबाई विरूद्ध भुजबल सिंह, 1994 जेएलजे 203*** के अनुसार विशेष न्यायालय सत्र न्यायालय द्वारा अध्याय 18 दण्ड प्रक्रिया संहिता में वर्णित प्रक्रिया उनके समक्ष विचारण में अपनायेंगे। इस तरह विशेष न्यायालय को सत्र विचारण प्रक्रिया धारा 225 से 237 दंप्रसं. अपनानी होती है।

•

# म.प्र. विशेष न्यायालय अधिनियम, 2011 – एक विहंगम दृष्टि

**प्रदीप कुमार व्यास**
प्रभारी संचालक
म.प्र. राज्य न्यायिक अकादमी

किसी लोक सेवक के विरूद्ध अनुपातहीन संम्पत्ति आधिपत्य में रखने का मामला धारा 13 (1) (इ) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के अधीन बन जाने के बाद भी उसकी अनुपात हीन सम्पत्ति उसी के आधिपत्य में रहती थी और वह उसका उपयोग करता रहता था या मामले के निराकरण तक कई सम्पत्तियाँ व्ययनित कर देता था। मामला अन्तिम न्यायालय द्वारा अन्तिम रूप से निपटने के बाद धारा 452 दं.प्र.सं. के तहत सम्पत्ति के निराकरण का आदेश यदा कदा प्रभाव में आता था। इन मामलों के निराकरण में भी अधिक समय लगता था।

इन सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए एक ऐसे अधिनियम की आवश्यकता थी जिसमें उक्त कठिनाईयों को दूर किया जा सके और इसी कारण म.प्र. विशेष न्यायालय अधिनियम, 2011 लाया गया ताकि प्रथम दृष्टया अनुपातहीन सम्पत्ति का मामला प्रतीत होने पर उस लोक सेवक की संपत्ति का, प्रकरण के अन्तिम रूप से निराकृत होने के पूर्व ही, अधिहरण किया जा सके और उस सम्पत्ति का उपयोग लोकहित में किया जा सके तथा इन मामलों का तेज गति से निराकरण हो सके। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए 15 फरवरी 2012 से यह अधिनियम लागू किया गया तथा म.प्र. विशेष न्यायालय नियम, 2012 दिनांक 22 फरवरी 2012 से लागू किये गये।

यह अधिनियम मुख्यतः अनुपातहीन सम्पत्ति के अपराध से संबंध रखता है अधिनियम, 2011 की धारा 2 (इ) में जो अपराध की परिभाषा दी गई है उसके अनुसार :–

अपराध से अभिप्रेत है, आपराधिक अवचार का ऐसा अपराध जो अधिनियम, 1988 की धारा 13 (1)(इ) को या तो स्वतंत्र रूप से या अधिनियम, 1988 के किसी अन्य उपबंध या भारतीय दंड संहिता के किसी उपबंध के साथ संयुक्त रूप से लागू करने के लिए प्रेरित करता हों।

अर्थात अनुपातहीन सम्पत्ति प्रभावित व्यक्ति के आधिपत्य में या उसकी ओर से किसी अन्य व्यक्ति के आधिपत्य में यदि पायी जाती है तभी अधिनियम, 2011 के तहत अपराध की परिभाषा में वह कृत्य शामिल होता है और अधिनियम के प्रावधान आकर्षित होते हैं।

धारा 14 अधिनियम, 2011 में जिस व्यक्ति के विरूद्ध अधिहरण का आवेदन आता है उसे प्रभावित व्यक्ति के रूप में निर्दिष्ट करने की व्यवस्था है यह भी ध्यान में रखना चाहिए।

धारा 2 (बी) अधिनियम, 2011 के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी से अभिप्रेत है धारा 14 के प्रयोजन के लिए, उच्च न्यायिक सेवा का कोई सेवारत अधिकारी जो सेशन न्यायाधीश/अपर सेशन न्यायाधीश हो या रह चुका हो।

नियम 8 के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी को राज्य सरकार उच्च न्यायालय की परामर्श से नियुक्त करती है इस संबंध में प्रावधान हैं।

इस तरह प्राधिकृत अधिकारी कौन होगा यह भी ध्यान रखना होगा।

## विशेष न्यायालय

अधिनियम, 2011 की धारा 3 के तहत विशेष न्यायालय की स्थापना का प्रावधान है जिसके तहत म.प्र. में इन्दौर, भोपाल, जबलपुर तथा ग्वालियर में प्रत्येक स्थान पर दो और कुल आठ विशेष न्यायालय स्थापित किये गये हैं। अधिनियम की धारा 3 (3) के अनुसार विशेष न्यायालय में अपर सत्र न्यायाधीश नियुक्त किये गये हैं।

## प्रसंज्ञान

अधिनियम, 2011 की धारा 4 के अनुसार विशेष न्यायालय ऐसे मामलों का प्रसंज्ञान लेगा और उनका विचारण करेगा जो उसके समक्ष संस्थित किये जायें या धारा 10 के अधीन उच्च न्यायालय द्वारा अन्तरित किये जायें।

अधिनियम की धारा 6 (2) के अनुसार यदि किसी लोक सेवक के बारे में धारा 5 के तहत घोषणा की गयी है तब उस अपराध के संबंध में यदि कोई अभियोजन पहले से संस्थित किया जा चुका है और उसकी कार्यवाही इस अधिनियम के अधीन गठित विशेष न्यायालय से भिन्न किसी न्यायालय में चल रही है तो तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, ऐसी कार्यवाही इस अधिनियम के अनुसार अपराध के विचारण के लिए गठित विशेष न्यायालय को अन्तरित (stands transferred) हो जाएगी।

इस तथ्य को प्रदेश के अन्य विशेष न्यायालयों को ध्यान में रखना चाहिए और जैसे ही किसी लोक सेवक के बारे में राज्य सरकार ने धारा 5 के तहत कोई घोषणा की हो तब उसके संबंध में कोई भी कार्यवाही या मामला ग्रहण नहीं करना चाहिए और यदि ग्रहण कर भी लिया है तो धारा 6 (2) अधिनियम के तहत उसे अधिनियम, 2011 के तहत गठित विशेष न्यायालय को भेज देना चाहिए।

प्रदेश के अन्य विशेष न्यायालय अपने समक्ष प्रस्तुत अनुपातहीन संम्पत्ति के मामलों में लोक अभियोजक से यह अपेक्षा कर सकते हैं कि वह धारा 5 की घोषणा यदि हुई हो तो उसका राजपत्र प्रस्तुत करें ताकि धारा 57 भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत उसकी न्यायिक अवेक्षा की जा सके या ज्यूडिशियल नोटिस लिया जा सके और ऐसी घोषणा का राजपत्र पेश होने पर लंबित कार्यवाही को सीधे ही अधिनियम, 2011 के तहत गठित विशेष न्यायालय को भेज देना चाहिए।

## विचारण की प्रक्रिया

धारा 8 (1) अधिनियम, 2011 के अनुसार विशेष न्यायालय मजिस्ट्रेट के समक्ष वारंट मामलों के विचारण के लिए संहिता द्वारा विहित प्रक्रिया का अनुसरण करेंगे इस तरह विशेष न्यायालय को वारंट विचारण प्रक्रिया अपनाना होती है।

धारा 8 (2) के अनुसार दं.प्र.सं., 1973 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के प्रावधान इस अधिनियम के अधीन कार्यवाही में यदि वे अधिनियम से असंगत न हों तो लागू होंगे इस तरह उक्त दोनों विधियों के प्रावधान विशेष न्यायालय पर लागू होते हैं।

धारा 8 (3) के अनुसार विशेष न्यायालय विधि द्वारा प्राधिकृत दंडादेश दे सकते हैं।

धारा 12 अधिनियम, 2011 धारा 326 दं.प्र.सं. के अनुरूप हैं और पूर्व न्यायाधीश द्वारा लेख बद्ध साक्ष्य को उनके पद उत्तरवर्ती पढ़ सकते हैं।

नियम 12 के अनुसार दं.प्र.सं., 1973 और नियम 13 के अनुसार भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के प्रावधान विशेष न्यायालय और प्राधिकृत अधिकारियों के समक्ष कार्यवाहियों में लागू होते हैं।

## निराकरण की समय सीमा

धारा 11 (2) अधिनियम, 2011 के अनुसार विशेष न्यायालय को किसी भी मामले को संस्थित किये जाने की तारीख से या अन्तरण में प्राप्त होने की तारीख से 1 वर्ष के भीतर निपटाने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। इस तरह अधिनियम में एक निश्चित समय सीमा में मामलों को निपटाने की व्यवस्था है।

## घोषणा

धारा 5 (1) अधिनियम के अनुसार जहाँ राज्य सरकार को प्रथम दृष्टया साक्ष्य के आधार पर यह विश्वास करने का कारण हो कि किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा कथित रूप से किये गये किसी अपराध के किये जाने का समुचित आधार है जो लोक पद धारण कर चुका हो अथवा धारण कर रहा हो और जो अधिनियम 1988 की धारा 2 (सी) के अर्थ के अन्तर्गत म.प्र. राज्य में लोक सेवक हो या रह चुका हो, तो राज्य सरकार ऐसे प्रत्येक मामले में, जिसमें कि उसका उपरोक्त विश्वास हो, उस आशय की घोषणा करेंगी।

नियम 6 म.प्र. विशेष न्यायालय नियम, 2012 के अनुसार ऐसी घोषणा प्रमुख सचिव/सचिव सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रारूप एक में की जायेगी और उसका प्रकाशन नियम 6 (2) के अनुसार राजपत्र में किया जायेगा और इसकी सूचना विशेष न्यायालय को, अन्वेषण अधिकरण को, प्रभावित व्यक्ति को, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के अधीन उस विशेष न्यायालय को जिसके समक्ष से लंबित कार्यवाही विशेष न्यायालय को अंतरित की गई है, भेजी जायेगी।

धारा 5 अधिनियम 2011 की घोषणा इस अधिनियम की मुख्य विशेषता है और इस घोषणा के बाद ही संबंधित अपराध का मामला अधिनियम के अधीन गठित विशेष न्यायालय के क्षेत्र में आता है जैसा कि धारा 6 (1) अधिनियम से स्पष्ट है।

## सम्पत्ति का अधिहरण

धारा 13 अधिनियम, 2011 इस अधिनियम की एक प्रमुख विशेषता है जिसके अनुसार राज्य सरकार द्वारा धारा 5 (1) के तहत घोषणा कर देने के बाद संबंधित लोक सेवक की सम्पत्ति के अधिहरण की कार्यवाही प्रारंभ होती है।

राज्य सरकार लोक अभियोजक को सम्पत्ति के अधिहरण का आवेदन देने के लिए अधिकृत करती है और तब लोक अभियोजक शपथ पत्र से समर्थित आवेदन प्रस्तुत करते हैं जिसमें सम्पत्ति की विशिष्टयाँ उनकी स्थिति का उल्लेख रहता है और नियम 11 में बतलाई विशिष्टियाँ भी आवेदन में दर्ज होती हैं।

नियम 11 के अनुसार धारा 13 के आवेदन में निम्नलिखित विशिष्टियाँ अन्तरविष्ट करना होती हैः–

(1) प्रभावित व्यक्ति का नाम;

(2) प्रभावित व्यक्ति का कार्यालयीन पदनाम और विस्तृत पता;

(3) प्रभावित व्यक्ति की आय के ज्ञात स्त्रोत की विशिष्टियाँ;

(4) प्रभावित व्यक्ति द्वारा संधारित आस्तियों की विशिष्टियाँ एवं उनका प्राक्कलित मूल्य;

(5) इन आस्तियों का कितना (भाग) आय के ज्ञात स्त्रोत से अननुपातिक है;

(6) जब्ती का तरीका जो प्रार्थित है;

(7) उन व्यक्तियों के नाम और विस्तृत पते, जिनके शपथ पत्र, मामले के समर्थन में प्रस्तुत किए गए हैं; और

(8) समुचित मूल्य सहित धन अथवा सम्पत्ति की अवस्थिति।

धारा 14 अधिनियम के अनुसार प्रभावित व्यक्ति को आवेदन आने पर सूचना पत्र दिया जाता है और उससे यह अपेक्षा की जाती है कि वह उसकी आय, उपार्जन या अर्निंग और आस्तियों का स्त्रोत बतलायें और यह कारण बतलायें कि क्यों न ऐसी सम्पत्ति का अधिहरण कर लिया जाये। धारा 14 (2) के अनुसार यदि सम्पत्ति प्रभावित व्यक्ति के निमित्त किसी अन्य व्यक्ति के आधिपत्य में है तो उसे भी सूचना पत्र की तामील कराई जायेगी।

नियम 10 में प्राधिकृत अधिकारी अर्थात विशेष न्यायाधीश द्वारा धारा 13 का आवेदन प्राप्त होने पर अपनाई जाने वाली प्रक्रिया बतलाई गई है। जिसके अनुसार प्रभावित व्यक्ति के उपस्थित होने पर उसे धारा 13 के आवेदन के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों की नकल प्रदान की जाती है और उसे बचाव में अपना कथन प्रस्तुत करने के लिए 30 दिन का समय दिया जाता है। यदि प्राधिकृत अधिकारी के समाधानपरक ठीक और विधिमान्य कारणों से प्रभावित व्यक्ति उसके बचाव में कथन फाइल नहीं कर पाता है तो वह उसे 15 दिन का और समय दे सकेगा जिसके भीतर उसे बचाव में अपना कथन फाइल करना होगा।

नियम 10 (3) के अनुसार यदि प्रभावित व्यक्ति 30 दिन की विहित अवधि में अथवा 15 दिन की विस्तारित अवधि में भी अपने बचाव में कथन फाईल नहीं करता है तो यह उपधारणा की जायेगी कि उसे अपने बचाव में कुछ नहीं कहना है और तब प्राधिकृत अधिकारी उसके समक्ष संस्थित कार्यवाही पर न्यायनिर्णयन करने के लिए स्वतंत्र होंगे।

नियम 10 (4) के अनुसार यदि प्रभावित व्यक्ति अपने बचाव में कथन फाईल करता है तो उसकी एक प्रति कार्यवाही का संचालन करने वाले विशेष लोक अभियोजक को दी जायेगी जो 15 दिन के भीतर प्रत्युत्तर देगा। प्राधिकृत अधिकारी लोक अभियोजक को 15 दिन का अतिरिक्त समय ठीक और विधिमान्य कारण होने पर दे सकेंगे यदि विशेष लोक अभियोजक उक्त अवधि में प्रत्युत्तर देने में असफल रहते हैं तो यह माना जायेगा कि अभियोजन बचाव के कथन का कोई प्रत्युत्तर नहीं देना चाहता है।

नियम 10 (7) के अनुसार यदि प्रभावित व्यक्ति सम्पत्ति के मूल्यांकन का विरोध करता है तो प्राधिकृत अधिकारी राज्य सरकार या केन्द्र सरकार की ऐसी ऐजेन्सी या किसी अन्य अधिकारी या तकनीकी रूप से योग्य व्यक्ति की सहायता ले सकते हैं।

नियम 10 (8) के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी, आवेदन, बचाव के कथन, विशेष लोक अभियोजक के प्रत्युत्तर तथा विशेषज्ञों की रिपोर्ट, यदि कोई हो तो उस पर विचार करके नोटिस तामील की तारीख से 6 माह के भीतर अन्तिम निर्णय सुनाएंगी।

नियम 10 (9) के अनुसार निर्णय के पश्चात धारा 15 अधिनियम, 2011 के अनुसार उक्त सम्पत्ति जप्त करने की कार्यवाही की जा सकेगी।

धारा 15 (3) के परन्तुक के अनुसार यदि अधिहरण की गई सम्पत्ति का बाजार मूल्य प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा कर दिया गया हो तो सम्पत्ति का अधिहरण नहीं किया जायेगा।

नियम 10 (10) के अनुसार बाजार मूल्य को राष्ट्रीयकृत बैंक में सावधि जमा किया जायेगा।

नियम 10 (11) के अनुसार जिस जिले में अनुपातहीन सम्पत्ति स्थित है अधिहरण के बाद उस जिले के जिला मजिस्ट्रेट को सौंप दी जायेगी जो राज्य सरकार के निदेशों के अधीन मामले के अन्तिम निराकरण तक सम्पत्ति का जनहित में उपयोग कर सकेगा।

धारा 15 के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी प्रभावित व्यक्ति के लिखित कथन तथा उपलब्ध सामग्री और प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देने के बाद आदेश पारित करते है। यदि प्राधिकृत अधिकारी यह पाते हैं उक्त धन या सम्पत्ति अपराध के माध्यम से अर्जित किये गये हैं तो उन्हें राज्य सरकार के हित में अधिहरण करने का आदेश देते हैं।

**एक प्रश्न यह उत्पन्न होता है कि क्या इस कार्यवाही में साक्ष्य अभिलिखित करना चाहिए?**

धारा 13 (2) अधिनियम के अनुसार अधिहरण का आवेदन एक या एक से अधिक शपथ पत्रों से समर्थित होता है जिसमें धन या सम्पत्ति के संबंध में विश्वास के आधार लिखे होते हैं कि वे अपराध से अर्जित की गई है और उनका मूल्य अंकित होता है। प्रभावित व्यक्ति अपने बचाव के कथन के समर्थन में शपथ पत्र दे सकता है सम्पत्ति के अर्जन के बारे में दस्तावेज प्रस्तुत कर सकता है अतः इन मामलों में साधारणतया विचारण की तरह साक्ष्य अभिलिखित करना आवश्यक नहीं होता है और यदि ऐसा किया जाता है तो यह आवेदन के त्वरित निराकरण के उद्देश्य को प्रभावित करेगा।

धारा 18 में अधिहरण की गई सम्पत्ति का आधिपत्य लेने की प्रक्रिया है और बल प्रयोग से भी आधिपत्य लेने के प्रावधान हैं जिन्हें ध्यान रखना चाहिए।

धारा 16 के तहत जैसे ही प्रभावित व्यक्ति पर धारा 14 की सूचना तामील हो जाती है उसके बाद यदि धन या सम्पत्ति का कोई भी अंतरण किया जाता है तो वह शून्य होता है।

## प्रभावित व्यक्ति द्वारा लिये जाने वाले बचाव या प्रतिरक्षा

सामान्यतः इन मामले में प्रभावित व्यक्ति निम्नलिखित या इनमें से कोई बचाव लेता है जिन पर प्राधिकृत अधिकारी को अपना निष्कर्ष देना होता हैः–

## सम्पत्ति उपहार (gift) में मिलना

इन मामलों में प्रभावित व्यक्ति की एक प्रतिरक्षा यह होती है कि उसे सम्पत्ति उपहार में मिली है यह अनुपातहीन सम्पत्ति नहीं है। उक्त प्रतिरक्षा पर विचार करते समय विशेष न्यायाधीश को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 का नियम 14 ध्यान में रखना चाहिए।

नियम 14 उपनियम (1) के अनुसार कोई भी शासकीय सेवक इन नियमों में उपबंधित को छोड़कर कोई भी उपहार न तो स्वीकार करेगा न ही उसे स्वीकार करने के लिए अपने कुटुंब के किसी सदस्य को या उसके ओर से कार्य करने वाले किसी दूसरे व्यक्ति को अनुज्ञा देगा।

नियम 14 (2) के अनुसार विवाह, वर्ष दिवस, अन्त्येष्टियाँ, धार्मिक कृत्यों जैसे अवसरों पर जबकि उपहार का दिया जाना प्रचलित धार्मिक या सामाजिक प्रथा के अनुरूप हो, शासकीय सेवक अपने निकट संबंधियों से उपहार स्वीकार कर सकेगा किन्तु वह शासन को उपहार की रिपोर्ट उपहार प्राप्त होने की तिथि से एक माह के अन्दर करेगा, यदि किसी ऐसे उपहार का मूल्य प्रथम श्रेणी या द्वितीय श्रेणी का पद धारण करने वाले शासकीय सेवक के मामले में 1500 रूपये और तृतीय श्रेणी का पद धारण करने वाले शासकीय सेवक के मामले में 700 रूपये, चतुर्थ श्रेणी के पद धारण करने वाले शासकीय सेवक के नाम पर 250 रूपये से अधिक हो।

नियम 14 (3) के अनुसार शासकीय सेवक अपने निजी मित्रों से जिनका उसके साथ पदीय संव्यवहार न हो उपहार स्वीकार कर सकेगा, किन्तु वह शासन को उपहार की रिपोर्ट उपहार प्राप्त होने की तिथि से एक माह के अन्दर करेगा, यदि किसी ऐसे उपहार का मूल्य प्रथम श्रेणी या द्वितीय श्रेणी का पद धारण करने वाले शासकीय सेवक के मामले में 500 रूपये, तृतीय श्रेणी का पद धारण करने वाले शासकीय सेवक के मामले में 200 रूपये, चतुर्थ श्रेणी के पद धारण करने वाले शासकीय सेवक के मामले में 100 रूपये से अधिक हो।

नियम 14 (4) के अनुसार किसी भी अन्य मामलें में कोई शासकीय सेवक, शासन की मंजूरी के बिना, कोई उपहार प्राप्त नहीं करेगा अथवा अपने परिवार के किसी सदस्य को अथवा अपनी ओर से कार्य करने वाले किसी सदस्य को लेने की अनुमति नहीं देगा, यदि उसका मूल्य प्रथम और द्वितीय श्रेणी का पद धारण करने वाले शासकीय सेवक के मामले में 200 रूपये और तृतीय श्रेणी या चतुर्थ श्रेणी का पद धारण करने वाले शासकीय सेवक के मामले में 50 रूपये से अधिक हो।

नियम 14 (5) के अनुसार कोई भी शासकीय सेवक 2000 रूपये के अधिक का कोई नकद उपहार एक अकाउण्ट पेयी चैक के माध्यम के अतिरिक्त स्वीकार नहीं करेगा या अपने कुटुंब के किसी सदस्य के या अपनी ओर से कार्य करने वाले किसी व्यक्ति को स्वीकार करने की अनुमति नहीं देगा।

विशेष न्यायाधीश को सम्पत्ति उपहार में मिलने बाबद प्रतिरक्षा पर विचार करते समय यह देखना चाहिए कि क्या संबंधित लोकसेवक ने उपहार प्राप्त होने के एक माह के भीतर उसकी सूचना शासन को अर्थात् अपने विभाग प्रमुख को कर दी थी या नहीं यदि उपहार उक्त नियम 14 में वर्णित मूल्य से अधिक का हो और यदि ऐसी सूचना नहीं की है तब इस प्रतिरक्षा को मान्य नहीं किया जा सकता क्योंकि धारा 13 (1) (ई) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के स्पष्टीकरण (1) के अनुसार आय के ज्ञात स्त्रोत का तात्पर्य कोई ऐसे वैध स्त्रोत जिससे आय प्राप्त की गई है और लोकसेवक पर तत्समय किसी विधि या नियम या आदेश के अधीन उसकी प्राप्ति की सूचना दे दी गई है।

मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 1 (3) के अनुसार ये नियम मध्यप्रदेश राज्य के कार्यों के संबंध में सिविल सेवाओं और पदों पर नियुक्त समस्त व्यक्तियों को लागू होते है।

नियम 14 के तहत उपहार में न केवल लोकसेवक के स्वयं के उपहार बल्कि उसकी कुटुंब के किसी सदस्य द्वारा लिये गये उपहार भी शामिल है अतः हमें शासकीय सेवक के कुटुंब के सदस्य कौन है यह यह भी ध्यान रखना होगा।

नियम 2 (सी) मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के अनुसार शासकीय सेवक के कुटुंब के सदस्यों में निम्नलिखित सम्मिलित है :–

(एक) शासकीय सेवक की पत्नी या उसका पति, जैसी भी दशा हो, चाहे वह शासकीय सेवक के साथ रहती/रहता हो या नहीं किन्तु उसमें, यथास्थिति ऐसी पत्नी या ऐसा पति सम्मिलित नहीं है, जिसका कि सक्षम न्यायालय की डिक्री या आदेश द्वारा शासकीय सेवक से पृथक्करण हो गया हो।

(दो) शासकीय सेवक का पुत्र या पुत्री या सौतेला पुत्र या सौतेली पुत्री, जो उस (शासकीय सेवक) पर पूर्णतः आश्रित हो, किन्तु उसमें ऐसा बालक या सौतेला बालक, जो अब शासकीय सेवक पर किसी भी प्रकार आश्रित न रहा हो, या जिसे अभिरक्षा में रखने से शासकीय सेवक को किसी भी विधि द्वारा या उसके अधीन वंचित कर दिया गया हो, सम्मिलित नहीं है।

(तीन) कोई भी अन्य व्यक्ति, जो शासकीय सेवक या शासकीय सेवक की पत्नी या उसके पति से चाहे रक्त द्वारा या विवाह द्वारा, संबंधित हो और शासकीय सेवक पर पूर्णतः आश्रित हो।

यदि प्रभावित व्यक्ति ने उक्त नियम 14 के पालन में अपने विभाग को उपहार प्राप्त होने के 1 माह के अन्दर उपहार प्राप्ति की सूचना दी है तभी यह प्रतिरक्षा मान्य की जाना चाहिए।

## ऋण या उधार का बचाव

इन मामलों में प्रभावित व्यक्ति एक बचाव यह लेता है कि उसने सम्पत्ति ऋण लेकर या अपने रिश्तेदारों या परिचित से उधार लेकर खरीदी है।

इस प्रतिरक्षा पर विचार करते समय हमें नियम 17 मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 ध्यान रखना होगा जिसके अनुसार कोई भी शासकीय सेवक अकाउण्ट पेयी चैक के अतिरिक्त 2000 रूपये से अधिक की धनराशि उधार नहीं लेगा।

विशेष न्यायाधीश को यह देखना होगा क्या अभियुक्त ने 2000 रूपये से अधिक की धनराशि उधार ली है और यदि हाँ तो क्या उसने अकाउण्ट पेयी चैक के माध्यम से ली है और यदि ऐसा नहीं किया है तब ऐसे उधार को मान्यता नहीं दी जानी चाहिए।

नियम 17 (4) के अनुसार यदि कोई शासकीय सेवक किसी बैंक या बैंक का कारोबार करने के लिए प्राधिकृत किसी फर्म के साथ कारोबार के साधारण क्रम की स्थिति को छोड़कर न तो स्वयं न अपने कुटुंब के किसी सदस्य को या उसकी ओर से कार्य करने वाले किसी व्यक्ति के माध्यम से किसी भी ऐसे व्यक्ति से जो कि उसकी प्राधिकारी के स्थानीय सीमाओं के भीतर हो या जिसके साथ उसका पदीय संव्यवहार होने की संभावना हो उससे कोई धन उधार नहीं लेगा न ऐसे व्यक्ति को कोई आर्थिक आभार लेगा साथ ही किसी व्यक्ति को ब्याज पर इस प्रकार धनराशि उधार नहीं देगा जिससे कि उसकी वापसी धन के रूप में या वस्तु के रूप में ली जाये या की जाये।

परन्तु शासकीय सेवक शासन से पूर्व स्वीकृति या पूर्व अनुमति प्राप्त करके जो लेन–देन करता है उस पर यह बातें लागू नहीं होगी।

विशेष न्यायाधीश को उक्त नियम 17 (4) ध्यान में रखना होगा और यह देखना होगा क्या प्रभावित व्यक्ति ने जो धन उधार लेना बतलाया है वह बैंक या स्थापित फर्म से है या किसी अन्य व्यक्ति से।

यदि किसी अन्य व्यक्ति से उधार लिया है तो क्या शासन की पूर्व अनुमोदन या पूर्व अनुमति थी या नहीं यदि ऐसा नहीं है तब इस प्रतिरक्षा को मान्य नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि यह नियम 17 मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम के उल्लघंन में किया गया संव्यवहार है।

## स्वयं के या कुटुंब के सदस्य की आमदनी

इन मामलों में प्रभावित व्यक्ति का एक बचाव यह रहता है कि उसने सम्पत्ति पत्नी या पति या कुटुंब के सदस्य की आमदनी से क्रय की है या उसने संबंधित सेवा के अलावा किसी अन्य व्यापार का कारोबार से अर्जित की है। विशेष न्यायाधीश को इस बचाव पर विचार करते समय नियम 16 मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम ध्यान में रखना चाहिए।

नियम 16 (3) के अनुसार यदि किसी शासकीय सेवक के कुटुंब का कोई सदस्य किसी कारोबार या व्यापार में लगा हुआ है या उसके कुटुंब के कोई सदस्य किसी बीमा कंपनी या कमीशन एजेंसी का स्वामित्व रखता है या उसका प्रबंध करता है तो वह शासन को इसकी रिपोर्ट करेगा।

जब कभी शासकीय सेवक स्वयं की कोई अतिरिक्त आय या कुटुंब के किसी सदस्य की आय से सम्पत्ति खरीदना बतलावे तब विशेष न्यायाधीश को यह देखना चाहिए कि शासकीय सेवक ने कुटुंब के सदस्य का व्यापार या कारोबार में लगा होने की सूचना शासन को अर्थात विभाग प्रमुख को दी थी या नहीं जैसा कि नियम 16 (3) के अनुसार आवश्यक है।

नियम 16 (1) के अनुसार शासकीय सेवक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई व्यापार या कारोबार या अन्य सेवा नहीं कर सकता है अतः इस नियम के विपरीत जाकर और शासन की अनुमति के बिना यदि अभियुक्त ने कोई व्यापार या कारोबार या अन्य सेवा की है तब उसकी आमदनी वैध स्त्रोतों से आमदनी नहीं मानी जा सकती अतः इस प्रतिरक्षा पर विचार करते समय नियम 16 का पालन हुआ है या नहीं यह ध्यान रखना चाहिए।

अभियुक्त कुटुंब के जिस सदस्य की आमदनी से सम्पत्ति क्रय करना बतला रहा है उस सदस्य की शैक्षणिक योग्यता, कथित व्यापार या कारोबार का उसे अनुभव आदि प्रश्न संबंधित साक्षी से पूछकर यह तथ्य अभिलेख पर लाना चाहिए कि कुटुंब के जिस सदस्य की आमदनी बतलाई जा रही है वह वास्तविक भी है या नहीं।

जो आमदनी कुटुंब के सदस्य की बतलाई गई है वह आयकर की सीमा में हो तो क्या उस पर आयकर दिया है या नहीं और आयकर रिटर्न में उस सदस्य ने वह आय दर्शाई है या नहीं यह भी देखना चाहिए।

## सम्पत्ति दहेज में मिलना

इन मामलों में शासकीय सेवक का एक बचाव यह रहता है कि उसे सम्पत्ति दहेज में मिली है।

इन प्रतिरक्षा पर विचार करते समय नियम 14 ए मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 ध्यान में रखना चाहिए जिसके अनुसार कोई शासकीय सेवक दहेज न तो लेगा और न ही देगा और न ही किसी को दहेज लेने या देने के लिए प्रेरित करेगा न ही दहेज की मांग करेगा।

धारा 2 (2) (ए) (बी) दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के अनुसार विवाह के समय जो भेंट मिलती है उनके बारे में एक सूची बनायी जाती है क्या उक्त सूची में कथित सम्पत्ति दर्ज की गई है या नहीं और विभाग प्रमुख को इसकी सूचना दी है या नहीं यदि विवाह सेवा में आने से पहले हुआ है तब सम्पत्ति की घोषणा में उन वस्तुओं का उल्लेख प्रथम बार किया है या नहीं इन सब चीजों पर विचार करना चाहिए और यदि ऐसा नहीं किया गया है तब यह प्रतिरक्षा मान्य नहीं की जाना चाहिए।

## चल एवं अचल सम्पत्ति के बारे में

इन मामले में प्रभावित व्यक्ति की प्रतिरक्षा पर विचार करते समय नियम 19 मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 ध्यान में रखना चाहिए। जिसके अनुसार लोकसेवक को शासकीय सेवा में प्रथम नियुक्त होने पर और उसके बाद समय–समय पर शासन को उसकी या उसके कुटुंब के सदस्य के नाम की अर्जित की गयी या उत्तरदाय में प्राप्त की गई या पट्टे या बंधक पर ली गई अचल सम्पत्ति की सूचना देना चाहिए।

नियम 19 (1) (ए) के अनुसार अचल सम्पत्ति चाहे वह किसी भी मूल्य की हो उसके संव्यवहार की जानकारी शासन को देने का प्रावधान है।

नियम 19 (1) (बी) के अनुसार ऋण पत्र, तथा नकदी, बैंक में जमा, शेयर चाहे लोकसेवक के स्वयं का हो या उसने दाय या उत्तराधिकार में प्राप्त किये गये हो उसकी सूचना शासन को देने का प्रावधान है।

नियम 19 (2) के अनुसार कोई भी लोकसेवक विहित प्राधिकारी के पूर्व जानकारी के बिना न तो स्वयं के नाम से और न ही अपने कुटुंब के किसी सदस्य के नाम की कोई अचल सम्पत्ति पट्टे, बंधक, क्रय विक्रय या अन्यथा न तो अर्जित करेगा न उसे हस्तांतरित करेगा।

परन्तु विहित प्राधिकारी के पूर्व मंजूरी उस दशा में प्राप्त करना होगा जब लेन–देन ऐसे व्यक्ति से किया जा रहा हो जिसके साथ शासकीय सेवक का पदीय संव्यवहार है।

नियम 19 (2) (ए) के अनुसार कोई शासकीय सेवक स्वयं या उसके कुटुंब का कोई सदस्य शासकीय सेवक की सहमति से या अन्यथा कोई अचल सम्पत्ति क्रय करता है या बेनामी रूप से निर्मित करता है तब विहित प्राधिकारी को निर्माण के बारे में सूचना युक्तियुक्त अवधि में देगा।

नियम 19 (3) के अनुसार प्रथम या द्वितीय श्रेणी का लोकसेवक जो स्वयं के नाम से 10,000 रूपये से अधिक मूल्य की, अब उसके मूल वेतन के दुगने तक तृतीय या चतुर्थ का कोई शासकीय सेवक 5000 से अधिक मूल्य की चल सम्पत्ति क्रय करता है इसकी सूचना विहित प्राधिकारी को देगा।

इस तरह नियम 19 में चल एवं अचल सम्पत्ति के लेन–देन के बारे में प्रतिवेदन करने का प्रावधान है।

जब कभी विशेष न्यायाधीश प्रभावित व्यक्ति की प्रतिरक्षा पर विचार करें तब उन्हें यह देखना चाहिए कि लोकसेवक के आधिपत्य जो सम्पत्ति पायी गयी है क्या उसके बारे में नियम 19 के तरह संबंधित विभाग को युक्तियुक्त समय के भीतर सूचित कर दिया था या नहीं और यदि ऐसा नहीं किया है तब सम्पत्ति को अनुपात हीन सम्पत्ति माना जाना चाहिए और प्रभावित व्यक्ति की इस प्रतिरक्षा को स्वीकार नहीं करना चाहिए।

## चन्दे के बारे में

इन मामलों में प्रभावित व्यक्ति की एक प्रतिरक्षा यह होती है सम्पत्ति उसने चन्दे से बनायी है।

नियम 13 मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के अनुसार कोई भी शासकीय सेवक शासन की या विहित प्राधिकारी के पूर्व मंजूरी के बिना किसी भी प्रकार के उद्देश्य के अनुसरण से किन्हीं निधियों के लिए या तो नकदी में या वस्तु के रूप में अन्य संग्रहणों के लिए न तो अंशदान मांगेगा न अंशदान स्वीकार करेगा न उनको इकट्ठा किये जाने में स्वयं को अन्यथा सम्बद्ध करेगा।

विशेष न्यायाधीश को यह ध्यान रखना चाहिए कि क्या प्रभावित व्यक्ति ने शासन के विहित प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी ली थी या नहीं और यदि नहीं ली थी तब चन्दे संबंधी प्रतिरक्षा को मान्य नहीं किया जाना चाहिए।

## आचरण नियमों के पालन नहीं करने के प्रभाव पर

प्रभावित व्यक्ति की एक प्रतिरक्षा यह होती है कि उसने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियमों का पालन नहीं किया है तो यह विभागीय जाँच का विषय हो सकता है लेकिन इसके कारण उसकी प्रतिरक्षा को अमान्य नहीं किया जा सकता है चाहे उसने नियम 14, 14ए, 16, 17 और 19 मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम का पालन नहीं किया।

न्याय दृष्टांत ***अशोक तेहरिंग भूटिया विरूद्ध स्टेट ऑफ सिक्किम, ए.आई.आर. 2011 एस.सी.1363*** के अनुसार यदि लोकसेवक उसकी सम्पत्ति की घोषणा सेवा नियमों के अनुसार नहीं करता है या सेवा नियमों का पालन नहीं करता है तो वह विभागीय जाँच के लिए उत्तरदायी होता है किन्तु इस कारण से उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों को उसमें वर्णित तथ्यों का परीक्षण किये बिना पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता है।

न्याय दृष्टांत ***पी. नल्लमल विरूद्ध स्टेट, ए.आई.आर. 1999 एस.सी. 2556*** के पैरा 20 के अनुसार धारा 13 (1) (ई) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के स्पष्टीकरण के अनुसार आय के ज्ञात स्त्रोतों में लोकसेवक को न्यायालय को संतुष्ट करने के उद्देश्य से यह बतलाना चाहिए कि सम्पत्ति वैध स्त्रोत से अर्जित की गई है। उसके अर्जन की सूचना उस पर लागू होने वाले नियमों के अनुसार दे दी गई है।

इन न्याय दृष्टांत में प्रतिपादित विधि पर विचार करे तब ऐसी सम्पत्ति जो लोकसेवक ने वैध स्त्रोत से अर्जित की हो और उसकी सूचना भी सेवा नियमों के अनुसार दी हो तभी उसे आय के ज्ञात स्त्रोत पद में माना जा सकता है अन्यथा नहीं।

इस न्यायदृष्टांत को उक्त न्याय दृष्टांत ***अशोक तेहरिंग भूटिया*** में ओवर रूल्ड या विभेदित नहीं किया है। यह पूर्व का न्याय दृष्टांत है अतः इस न्याय दृष्टांत को अधिमान्यता दी जाना चाहिए और यदि लोकसेवक ने सेवा नियमों का पालना नहीं किया है तो उसकी प्रतिरक्षा मान्य नहीं की जाना चाहिए।

## आचरण नियमों की पालना की जाँच

इन मामलों में कभी–कभी प्रभावित व्यक्ति के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध हो जाने के बाद वह विभाग के कुछ कर्मचारियों से मिलकर उपहार की सूचना, चल अचल सम्पत्ति की सूचना, कुटुंब के सदस्यों की आय आदि के दस्तावेज अभिलेख में संलग्न करवा लेता है।

विशेष न्यायाधीश को यह देखना चाहिए कि क्या नियमों के तहत प्रभावित व्यक्ति द्वारा दी गई सूचना पर कार्यालय में नोटशीट प्रारंभ की गई थी और विभाग प्रमुख ने क्या प्रभावित व्यक्ति द्वारा दी गई जानकारी पर आवश्यक जॉच करके सम्पत्ति या उपहार को सर्विस बुक में इंद्राज करने के आदेश दिये थे या नहीं। प्रभावित व्यक्ति को ऐसे इंद्राज सेवा पुस्तिका में कर लेने की सूचना भेजी गई थी या नहीं। यदि सूचना नहीं मिली थी तो प्रभावित व्यक्ति ने क्या स्मरण पत्र वगैरह लिखे थे या नहीं यह सब छानबीन करना चाहिए ताकि सद्भावना पूर्वक समय पर सूचना देने वाले लोकसेवक और ऐसी सूचनाएं बाद में मैनुपुलेट करवाने वाले लोकसेवक के बीच का अन्तर स्पष्ट हो सकें।

**एक प्रश्न यह भी उत्पन्न हो सकता है कि यदि अभियुक्त मूल मामले में अंततः दोषमुक्त हो गया तब क्या होगा?**

इसका उत्तर धारा 19, अधिनियम, 2011 में मिलता है जिसके अनुसार :–

यदि धारा 15 अधिनियम, 2011 के तहत पारित अधिहरण आदेश अपील में उच्च न्यायालय द्वारा उपान्तरित या खारिज कर दिया जाता है या प्रभावित व्यक्ति विशेष न्यायालय द्वारा दोष मुक्त कर दिया जाता है तब धन या सम्पत्ति या दोनों प्रभावित व्यक्ति को वापस कर देनें के आदेश देने होते हैं और यदि सम्पत्ति वापस करना संभव न हो तब अधिहरण की तारीख से 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से परिगणित ब्याज सहित सम्पत्ति का मूल्य प्रभावित व्यक्ति को लौटाने का आदेश देना होता है इसे भी ध्यान में रखना चाहिए।

इन कार्यवाहियों में धारा 22 अधिनियम, 2011 के ध्यान में रखना चाहिए जिसके अनुसार धारा 15 के अधीन किसी धन या सम्पत्ति या दोनों के अधिहरण किये जाने के आदेश के बारे में कोई वाद या धारा 9 और धारा 17 में वर्णित अपील के अलावा अन्य कोई विधिक कार्यवाही नहीं चलाई जा सकेगी इस तरह इन कार्यवाहियों में यदि प्रभावित व्यक्ति सिविल न्यायालय से स्थगन लाने के लिए कोई समय मांगता है तो धारा 22 ध्यान में रखना चाहिए।

धारा 11 अधिनयम, 2011 में कार्यवाही कारण अभिलिखत किये बिना और न्यायहित में ही स्थगित करने के प्रावधान हैं यह भी ध्यान में रखना चाहिए।

नियम 14 में विशेष न्यायालय तथा प्राधिकृत अधिकारी उनके द्वारा पारित आदेश को लागू करवाने में पुलिस अधिकारियों की सहायता राज्य सरकार से मांग सकते हैं। इसे भी ध्यान में रखना चाहिए।

इस प्रकार जब कभी विशेष न्यायालय के समक्ष धारा 13 अधिनियम, 2011 के अधीन सम्पत्ति के अधिहरण का आवेदन पेश होता है तब उनको नियम 10 में बतलाई प्रक्रिया का पालन करते हुए धारा 15 के तहत अन्तिम आदेश पारित करना चाहिए और इन कार्यवाहियों में प्रभावित व्यक्ति द्वारा उसके बचाव कथन में उठाये गये आधारों पर म. प्र. सिविल सेवा, (आचरण) नियम, 1965 को ध्यान में रखते हुए विचार करना चाहिए। सामान्यतः इन कार्यवाहियों में साक्ष्य अभिलिखित करने से बचना चाहिए।

विशेष न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत धारा 13 (1) (इ) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के मामले में अन्य विशेष न्यायालयों की तरह ही वारंट विचारण प्रक्रिया अपनाना होती है और एक वर्ष के भीतर प्रकरण का निराकरण करना होता है।

उक्त विधिक स्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रकरणों को त्वरित गति से निराकरण अपेक्षित है तभी यह अधिनियम जिस उद्देश्य से लाया गया है उसे प्राप्त किया जा सकेगा।

•

# धारा 19 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के बारे में

**प्रदीप कुमार व्यास**
प्रभारी संचालक
म.प्र. राज्य न्यायिक अकादमी

विशेष न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के समक्ष प्रायः अभियोजन की पूर्व स्वीकृति को लेकर कई तर्क किये जाते हैं और न्यायदृष्टांत प्रस्तुत होते हैं जिसमें उनका बहुमूल्य समय कई बार नष्ट होता है यहाँ हम अभियोजन की पूर्व स्वीकृति के बारे में विधिक स्थिति पर चर्चा करेंगे।

## 1. मूल प्रावधान

**धारा 19. अभियोजन पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता –** (1) कोई न्यायालय धारा 7, 10, 11, 13 और 15 के अधीन दंडनीय अपराध का संज्ञान जिसके संबंध में यह अधिकथित है कि वह लोक सेवक द्वारा किया गया है, निम्नलिखित की पूर्व स्वीकृति के बिना नहीं करेगा –

(क) ऐसे व्यक्ति की दशा में जो संघ के मामलों के संबंध में नियोजित है और जो अपने पद से केन्द्रीय सरकार द्वारा या उसकी मंजूरी से हटाए जाने के सिवाय नहीं हटाया जा सकता है, केन्द्रीय सरकार;

(ख) ऐसे व्यक्ति की दशा में, जो राज्य के मामलों के संबंध में नियोजित है और जो अपने पद से राज्य सरकार द्वारा या उसकी मंजूरी से हटाए जाने के सिवाय नहीं हटाया जा सकता है, राज्य सरकार;

(ग) किसी अन्य व्यक्ति की दशा में उसे उसके पद से हटाने के लिए सक्षम प्राधिकारी।

(2) जहाँ किसी कारण से इस बाबत शंका उत्पन्न हो जाए, कि उपधारा (1) के अधीन अपेक्षित पूर्व मंजूरी केन्द्रीय या राज्य सरकार या किसी अन्य प्राधिकारी में से किसके द्वारा दी जानी चाहिए वहां ऐसी मंजूरी उस सरकार या प्राधिकारी द्वारा दी जाएगी जो लोक सेवक को उसके पद से उस समय हटाने के लिए सक्षम था जिस समय अपराध किया जाना अभिकथित है।

(3) दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) में किसी बात के होते हुए भी –

(क) उपधारा (1) के अधीन अपेक्षित मंजूरी में किसी अनियमितता, लोप या त्रुटि के कारण अपील न्यायालय द्वारा पुनरीक्षण, पुष्टिकरण या अपील में, विशेष न्यायालय द्वारा पारित कोई निष्कर्ष, दंडादेश या आदेश तब तक परिवर्तित या उल्टा नहीं जाएगा, जब तक कि उस न्यायालय की राय में उसके कारण यथार्थ में न्याय नहीं हो सका;

(ख) इस अधिनियम के अधीन की किसी कार्यवाही को किसी न्यायालय द्वारा प्राधिकारी द्वारा दी गई मंजूरी में किसी अनियमितता या लोप या त्रुटि के कारण रोका नहीं जाएगा जब तक कि यह समाधान न हो जाए कि ऐसी अनियमितता, लोप या त्रुटि के परिणामस्वरूप न्याय नहीं हो सका है,

(ग) इस अधिनियम के अधीन की किसी कार्यवाही, को किसी न्यायालय द्वारा किसी, अन्य आधारों पर रोका नहीं जाएगा और किसी न्यायालय द्वारा पुनरीक्षण के अधिकारों का प्रयोग किसी जाँच, सुनवाई, अपील या अन्य कार्यवाही में पारित किसी अन्तर्वर्ती आदेश के संबंध में नहीं किया जाएगा।

(4) उपधारा (3) के अधीन अवधारणों के लिए, कि ऐसी मंजूरी के अभाव या किसी अनियमितता, लोप या त्रुटि के कारण न्याय नहीं हो सका है, न्यायालय इन तथ्यों को विचार में लेगा कि आपत्ति, किसी कार्यवाही के दौरान उठाई जा सकती थी और उठाई गई थी।

स्पष्टीकरण –– इस धारा के प्रयोजनों के लिए –

(क) ''त्रुटि'' में मंजूरी देने वाला प्राधिकारी की सक्षमता शामिल है;

(ख) ''अभियोजन के लिए अपेक्षित मंजूरी'' में किसी विहित प्राधिकारी के आवेदन पर किया जाने वाला अभियोजन की आवश्यकता का सन्दर्भ अथवा किसी विहित व्यक्ति द्वारा दी गई मंजूरी या इसी प्रकृति की अन्य अपेक्षा सम्मिलित है।

मूल प्रावधान के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि धारा 19 (1) और धारा 19 (2) अधिनियम का संबंध विचारण न्यायालय से है जब कि धारा 19 (3) और धारा 19 (4) अधिनियम माननीय अपील न्यायालय से संबंधित है इस तथ्य को सदैव ध्यान में रखना चाहिए।

न्यायदृष्टांत ***नाजप्पा विरूद्ध स्टेट ऑफ कर्नाटका, 2015 ए.आई.आर. एस.सी.डब्लू 4432*** निर्णय चरण 16 में भी यह प्रतिपादित किया गया है कि धारा 19 (3) और धारा 19 (4) अधिनियम अपील न्यायालय के लिए हैं।

इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***आर. वेंकट कृष्णन विरूद्ध सी.बी.आई., ए.आई.आर. 2010 एस.सी. 1812, स्टेट ऑफ एम.पी. विरूद्ध जीया लाल, ए.आई.आर. 2010 एस.सी. 1451*** एवं ***सी.बी.आई. विरूद्ध बी.के. सहगल, ए.आई.आर. 1999 एस.सी. 3706*** भी अवलोकनीय है जिनके अनुसार अपील न्यायालय को कोई निष्कर्ष, दंडादेश या आदेश अभियोजन चलाने की अनुमति में किसी त्रुटि या लोप या अनियमितता के आधार पर तभी उलटना चाहिए तब उस कमी के कारण न्याय की हानी हुई हो।

## 2. प्रावधान की संवैधानिकता

न्यायदृष्टांत ***मंजूर अली खान विरूद्ध यूनियन ऑफ इंडिया, ए.आई.आर. 2014 एस.सी. 3194*** में यह प्रतिपादित किया गया है कि धारा 19 जो कि अभियोजन की पूर्व स्वीकृति को आवश्यक बतलाती है वह असंवैधानिक नहीं है लेकिन सक्षम प्राधिकारी को अनुमति के बिन्दु पर त्वरित गति से निर्णय लेना चाहिए।

## 3 प्रावधान की प्रकृति

न्यायदृष्टांत ***अनिल कुमार विरूद्ध एम.के. अयप्पा, (2013) 10 एस.सी.सी. 705*** के अनुसार अभियोजन चलाने की अनुमति की आवश्यकता आज्ञापक प्रावधान है।

## 4. प्रावधान का उद्देश्य

किसी भी प्रावधान का उद्देश्य समझना इस कारण आवश्यक होता है कि उसका अर्थान्वयन करते समय हम प्रावधान जिस उद्देश्य से बनाया गया है वह प्राप्त हो सके ऐसा दृष्टिकोण रखें।

न्यायदृष्टांत ***आर.एस. नायक विरूद्ध ए.आर. अंतुले, ए.आई.आर. 1984 एस.सी. 684*** संविधान पीठ के अनुसार अभियोजन चलाने की स्वीकृति के प्रावधान का उद्देश्य लोक सेवकों को असत्य अभियोजन से बचाना और उनके और न्यायालयों के समय को नष्ट होने से रोकना है क्योंकि ऐसे अभियोजन के कारण वे अपने पदीय कर्तव्य नहीं कर पाएंगे और उनके समय की बर्बादी होगी।

न्यायदृष्टांत ***दिनेश कुमार विरूद्ध चेयरमेन, एयरपोर्ट अथारटी ऑफ इंडिया, (2012) 1 एस.सी.सी. 532*** के अनुसार अभियोजन के लिए स्वीकृति एक औपचारिकता नहीं है बल्कि यह एक विधिवत और अतिपवित्र कार्य है जो शासकीय सेवकों के विरूद्ध असत्य और त्रासदायक अभियोजन से उनके संरक्षण के लिए है।

न्यायदृष्टांत ***चितरंजन दास विरूद्ध स्टेट ऑफ उड़ीसा, ए.आई.आर. 2011 एस.सी 2893*** के अनुसार अभियोजन के लिए पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता निर्दोष लोक सेवकों को असत्य और त्रासदायक अभियोजन से संरक्षित करने के लिए है। उन्हें उनके पदीय कर्तव्य को बिना किसी भय और पक्षपात के निर्वाहन करने की स्वतंत्रता देने के लिए है ताकि वे अनैतिक तत्वों के दबाव में आये बिना अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वाहन कर सकें। इस संबंध में ***सुब्रहमण्यम स्वामी विरूद्ध मनमोहन सिंह, ए.आई.आर. 2012 एस.सी. 1185*** भी अवलोकनीय है जिसमें यही विधि प्रतिपादित की गई है।

न्यायदृष्टांत ***मनसुखलाल विट्ठल दास चौहान विरूद्ध स्टेट ऑफ गुजरात, (1997) 7 एस.सी.सी. 622*** के अनुसार अभियोजन के लिए स्वीकृति निर्दोष लोक सेवक के लिए सुरक्षा है लेकिन दोषी लोक सेवक के लिए ढाल या बचाव नहीं है।

न्यायदृष्टांत ***मन्जूर अली खान विरूद्ध यूनियम ऑफ इंडिया, ए.आई.आर. 2014 एस.सी. 3194*** के अनुसार लोक सेवक को विद्वेष पूर्ण अभियोजन से बचाना और आम जीवन में भ्रष्टलोक सेवकों को अभियोजित करके ईमानदारी कायम रखना इन दोनों के बीच एक बेहतर संतुलन बनाना चाहिए।

इस प्रकार प्रावधान का उद्देश्य यह है कि असत्य और त्रासदायक अभियोजन से लोक सेवक की सुरक्षा की जावे ताकि वे अपने पदीय कर्तव्य बिना किसी भय, पक्षपात के और अनैतिक तत्वों के दबाव में आये बिना कर सकें लेकिन प्रावधान का उद्देश्य दोषी लोक सेवक के लिए बचाव का कार्य करना नहीं है। लोक सेवक की असत्य

अभियोजन से सुरक्षा और आम जीवन में ईमानदारी बनाये रखना और भ्रष्ट लोक सेवकों को अभियोजित करना इसके बीच एक संतुलन बनाना चाहिए।

## 5. प्रारूप

न्यायदृष्टांत ***विश्वभूषण नायक विरूद्ध स्टेट ऑफ उड़ीसा, ए.आई.आर. 1954 एस.सी. 359*** तीन न्यायमूर्तिगण की पीठ के अनुसार अभियोजन की स्वीकृति का कोई विर्निदिष्ट प्रारूप नहीं है।

## 6. धारा 156 (3) दं.प्र.सं. के समय या प्रसंज्ञान के पूर्व की स्थिति

न्यायदृष्टांत ***अनिल कुमार विरूद्ध एम.के. अयप्पा, (2013) 10 एस.सी.सी. 705*** के अनुसार मजिस्ट्रेट किसी परिवाद को 156 (3) दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत अनुसंधान के लिए भेजने का आदेश तब तक नहीं कर सकता जब तक धारा 19 (1) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अभियोजन चलाने की स्वीकृति प्राप्त नहीं की गयी हो अर्थात् प्रसंज्ञान पूर्व की स्टेज पर भी अभियोजन चलाने की अनुमति आवश्यक होती है।

न्यायदृष्टांत ***स्टेट ऑफ यूपी. विरूद्ध पारस नाथ सिंह, ए.आई.आर. 2009 एस.सी. (सप्लीमेंन्ट) 1615*** तीन न्यायमूर्तिगण की पीठ के अनुसार किसी भी लोक सेवक के विरूद्ध परिवाद प्रस्तुत होने पर प्रसंज्ञान लेने के पूर्व अभियोजन चलाने की स्वीकृति आवश्यक होती है न्यायदृष्टांत सुब्रहमण्यम स्वामी विरूद्ध मनमोहन सिंह में भी यह प्रतिपादित किया गया है कि अभियोजन चलाने की अनुमति न केवल प्रसंज्ञान लेने के समय बल्कि उसके पूर्व भी आवश्यक होती है।

## 7. प्रमाणित करने की विधि

न्यायदृष्टांत ***स्टेट विरूद्ध के. नरसिंहाचारी, ए.आई.आर. 2006 एस.सी. 628*** के अनुसार अभियोजन चलाने की अनुमति एक लोक दस्तावेज है और इसे धारा 76 से 78 भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 में बतलाये गये तरीके से प्रमाणित किया जा सकता है। न्यायदृष्टांत शिवराजसिंह यादव विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2010 (4) एम.पी.जे.आर. 49 डी.बी. में भी यही विधि प्रतिपादित की गई है।

न्यायदृष्टांत ***मोहम्मद इकबाल एहमद विरूद्ध स्टेट ऑफ ए.पी., ए.आई.आर. 1979 एस.सी. 677*** के अनुसार मूल अभियोजन स्वीकृति प्रस्तुत की जा सकती है जिसमें अपराध को गठित करने वाले सभी तत्व लिखे होते हैं सक्षम प्राधिकारी के संतोष के आधार लिखे होते हैं या ऐसी साक्ष्य पेश की जा सकती है जिससे यह स्पष्ट हो सके कि सक्षम प्राधिकारी के समक्ष कौन से तथ्य रखे गये थे जिन के आधार पर उन्होंने उनका संतोष होना निर्धारित किया। इस प्रकार उक्त दो तरीकों से अभियोजन चलाने की अनुमति प्रमाणित की जा सकती है।

न्यायदृष्टांत ***सी.एस. कृष्णामूर्ति विरूद्ध स्टेट ऑफ कर्नाटका, (2005) 4 एस.सी.सी. 81*** के अनुसार तथ्य जो अपराध गठित करते हैं वे अनुमति आदेश में रेफर किये गये अभियोजन के लिए यह प्रमाणित करना आवश्यक नहीं है कि सारी सामग्री अनुमति देने वाले प्राधिकारी के समक्ष रखी गयी थी। इस मामले में न्यायदृष्टांत ***गोकुल चंद्र द्वारकादास मुरारका विरूद्ध र, ए. आई. आर. 1948 पी.सी. 82*** पर विश्वास किया गया जिसके अनुसार यदि अनुमति आदेश से ऐसा प्रतीत नहीं होता कि

सामग्री अनुमति देने वाले प्राधिकारी के समक्ष रखी गयी थी तब अभियोजन को यह प्रमाणित करना होता है कि समस्त सामग्री अनुमति देने वाले प्राधिकारी के समक्ष रखी गयी थी जहाँ अनुमति आदेश स्वतः ही स्पष्ट हो वहाँ ऐसे प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती है।

## 8. सक्षम प्राधिकारी को साक्ष्य में पेश न करना

कभी–कभी अभियोजन सक्षम प्राधिकारी को साक्ष्य में पेश नहीं करता है और उनके स्थान पर कोई अन्य कर्मचारी साक्ष्य में पेश किया जाता है न्यायदृष्टांत ***स्टेट ऑफ एम.पी. विरूद्ध जिया लाल, ए.आई.आर. 2010 एस.सी. 1451*** के अनुसार अभियोजन चलाने की अनुमति का आदेश स्पष्ट रूप से जिला मजिस्ट्रेट ने उनके पदीय कर्तव्य के निर्वाहन के दौरान जारी किया था यह उपधारणा की जायेगी कि यह कार्य सदभाविक तरीके से किया गया है जिला मजिस्ट्रेट को गवाह के रूप में परीक्षित करवाया जाना आवश्यक नहीं है।

न्यायदृष्टांत ***स्टेट ऑफ एम.पी. विरूद्ध हरिशंकर भगवान प्रसाद त्रिपाठी, (2010) 8 एस.सी.सी. 655*** के अनुसार अभियोजन चलाने की अनुमति देते समय संबंधित अधिकारी के लिए यह आवश्यक नहीं है कि वह आदेश में यह दर्शावें कि उसने व्यक्तिगत रूप से संबंधित पत्रावली की छानबीन की है और यह संतोष किया है कि अनुमति देना चाहिए।

उक्त न्यायदृष्टांत ***सुब्रमण्यम स्वामी*** के अनुसार सक्षम प्राधिकारी को केवल यह विचार करना चाहिए कि परिवादी या अनुसंधान अधिकारी ने जो सामग्री प्रस्तुत की है उसके आधार पर प्रथम दृष्टया अपराध किया जाना प्रकट होता है या नहीं उसके लिए यह आवश्यक नहीं है कि वह एक विस्तृत जांच यह तय करने के लिए आयोजित करें कि लोक सेवक के विरूद्ध जो अभिकथन किये गये हैं वे सही हैं या नहीं। प्रथम दृष्टया अपराध किया जाना प्रतीत होता है या नहीं केवल यह देखना होता है और उसी के आधार पर या तो अनुमति दी जाती है या अनुमति देने से इंकार किया जाता है। सक्षम प्राधिकारी का कर्तव्य है कि वह अपने मस्तिष्क का प्रयोग करे और त्वरित गति से निर्णय लें।

## 9. आई.जी. के प्रतिवेदन के आधार पर अनुमति

न्यायदृष्टांत ***अमीर जान स्टेट ऑफ कर्नाटका विरूद्ध अमीर जान, (2007) 11 एस.सी.सी. 273*** वाले मामले में आई.जी. के प्रतिवेदन के आधार पर अभियोजन चलाने की अनुमति दे दी गयी थी जिसे उचित नहीं माना गया।

## 10. सक्षम प्राधिकारी कौन है?

वह प्राधिकारी जो लोक सेवक को उसके कार्यालय से अपराध कारित किये जाते समय हटाने के लिए सक्षम था उसे अभियोजन चलाने की अनुमति देने के लिए सक्षम प्राधिकारी माना जाता है इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***स्टेट ऑफ एम.पी. विरूद्ध प्रदीप कुमार गुप्ता, ए.आई.आर. 2011 एस.सी. 2334*** अवलोकनीय है।

*स्टेट ऑफ उत्तराखंड विरूद्ध योगेन्द्र नाथ अरोरा, (2013) 2 क्राइम्स 79 (एस.सी.)* के अनुसार शासकीय सेवक को स्वदेश लौटाने की शक्ति उसे पद से हटाने की शक्ति के समान नहीं है पद से हटाना अर्थात नियोजन समाप्त करना होता है जो स्वदेश लौटाने की शक्ति से भिन्न होता है।

न्यायदृष्टांत *पी.एल. टटवाल विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., ए.आई.आर. 2014 एस.सी. 2369* के अनुसार धारा 58 म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 के तहत स्थाई समिति नगर पालिका में 400 रूपये से अधिक वेतन पाने वाले किसी भी पद के लिए नियुक्ति देने के लिए सक्षम प्राधिकारी होती है अतः स्थाई समिति अभियोजन चलाने की स्वीकृति देने के लिए सक्षम प्राधिकारी है यह तथ्य असंगत है कि अभियुक्त की नियुक्ति उस समय हुई जब नगर पालिक निगम पर प्रशासक कार्यरत था क्योंकि वह प्राधिकारी जो लोक सेवक को पद से हटाने में सक्षम हो वही अभियोजन स्वीकृति देने के लिए सक्षम प्राधिकारी होता है।

## 11. अभियुक्त को सुनवाई का अवसर

न्यायदृष्टांत उक्त ***सुब्रहमण्यम स्वामी*** के अनुसार अभियोजन के लिए पूर्व स्वीकृति देना या न देना एक अर्ध न्यायिक कार्य है जिस व्यक्ति के विरूद्ध अभियोजन चलाने की स्वीकृति मांगी जा रही है उसको सुनवाई का अवसर देना आवश्यक नहीं होता है इस संबंध में न्यायदृष्टांत ए.पी. सी.बी.आई. विरूद्ध दीपक चौधरी, ए.आई.आर. 1996 एस. सी. 186 अवलोकनीय है।

## 12. न्यायालय के निर्देश पर दी गयी स्वीकृति

न्यायदृष्टांत उक्त *मंसुखलाल विट्ठल दास विरूद्ध स्टेट ऑफ गुजरात, ए.आई.आर. 1997 एस.सी. 3400* के अनुसार यदि न्यायालय के निर्देश पर अभियोजन चलाने की स्वीकृति दी जाती है तो ऐसी स्वीकृति को वैध नहीं माना गया है।

न्यायदृष्टांत *अरूण कुमार अग्रवाल विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., ए.आई.आर. 2011 एस.सी. 3056* के अनुसार भी अभियोजन चलाने की स्वीकृति देने के लिए कोई निर्देश न्यायालय को नहीं देने चाहिए।

## 13. धारा 19 अधिनियम व 197 दं.प्र.सं. में अन्तर

धारा 197 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत अभियोजन चलाने की स्वीकृति वहाँ आवश्यक होती है जहाँ लोकसेवक ने उसके पदीय कर्त्तव्यों के निर्वहन के दौरान अपराध किया हो लेकिन धारा 19 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत यह आवश्यक नहीं है कि कथित अपराध पदीय कर्त्तव्यों के निर्वहन के दौरान किया गया है और यही दोनों प्रावधानों में एक मूलभूत अन्तर है जैसा की *न्यायदृष्टांत रोमेश लाल जैन विरूद्ध नागिन्दर सिंह राणा, (2006) 1 एस.सी.सी. 294, लालू प्रसाद यादव विरूद्ध स्टेट ऑफ बिहार, (2007) 1 एस.सी.सी. 49 उक्त सुब्रहमण्यम स्वामी विरूद्ध मनमोहन सिंह* और *पॉल वर्गीस विरूद्ध स्टेट ऑफ केरला, ए.आई.आर. 2007 एस.सी. 2618* में प्रतिपादित किया गया है।

## 14. धारा 319 द.पं.सं. का प्रयोग व अभियोजन स्वीकृति की आवश्यकता

न्यायदृष्टांत ***दिलावर सिंह विरूद्ध परविंदर सिंह, ए.आई.आर. 2006 एस.सी. 389*** के अनुसार धारा 19 अधिनियम, 1988 का धारा 319 व 190 दं.प्र.सं. के सामान्य प्रावधानों पर अधिभावी प्रभाव या ओवर राईडिंग इफेक्ट होता है और कोई भी विशेष न्यायाधीश ऐसे व्यक्ति को धारा 319 दं.प्र.सं. के तहत समन नहीं कर सकता जिसके विरूद्ध अभियोजन चलाने की स्वीकृति नहीं है इस बारे में न्यायदृष्टांत ***पालवर्गीस विरूद्ध स्टेट ऑफ केरला, ए.आई.आर. 2007 एस.सी. 2618*** अवलोकनीय है।

## 15. अनुमति में प्रत्येक अपराध का विवरण दिया जाना

अभियोजन चलाने की अनुमति देने वाले प्राधिकारी के लिए यह आवश्यक नहीं है कि वह आदेश में लोक सेवक के विरूद्ध प्रत्येक अपराध का पृथक से विवरण दे बल्कि यह कार्य न्यायालय को आरोप विरचित करते समय करना होता है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***प्रकाश सिंह बादल विरूद्ध स्टेट ऑफ पंजाब, (2007) 1 एस.सी.सी. 1*** अवलोकनीय है।

## 16. विशेषज्ञ का प्रतिवेदन आना

अनुमति देने वाले प्राधिकारी के लिए यह आवश्यक नहीं है कि वह विशेषज्ञ के प्रतिवेदन के आने का इंतजार करे प्राधिकारी के समक्ष टेपरिर्काडर पेश किया जाना भी आवश्यक नहीं होता है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***स्टेट विरूद्ध आर.सी.आनन्द, ए.आई.आर. 2004 एस.सी. 3693*** अवलोकनीय है।

## 17. खात्मा और अभियोजन चलाने की स्वीकृति

खात्मा के लिए अभियोजन चलाने की स्वीकृति आवश्यक नहीं होती है क्योंकि जब लोक सेवक के विरूद्ध प्रथम दृष्टया कार्यवाही के आधार ही नहीं पाये जाते हैं तब खात्मा प्रस्तुत किया जाता है इसलिए खात्मा में अभियोजन चलाने की स्वीकृति आवश्यक नहीं होती है क्योंकि स्वीकृति का प्रावधान लोकसेवक के संरक्षण के लिए बनाया गया है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***स्टेट द्वारा सी.बी.आई. विरूद्ध राजकुमार जैन, ए.आई.आर. 1998 एस.सी. 2985*** अवलोकनीय है।

## 18. क्या आदेश का पुनरावलोकन संभव है?

न्यायदृष्टांत ***स्टेट ऑफ हिमाचल प्रदेश विरूद्ध निशांत सरीम, ए.आई.आर. 2011 एस.सी. 404*** के अनुसार यदि अभियोजन चलाने की अनुमति देने से इंकार कर दिया गया हो उसके बाद अनुसंधान अधिकारी ने कुछ और सामग्री इकट्ठी की उसके आधार पर पुनः अभियोजन चलाने की स्वीकृति मांगी हो तब पूर्व के आदेश का पुनरावलोकन किया जा सकता है और नई सामग्री के आधार पर अभियोजन चलाने की अनुमति दी जा सकती है लेकिन उसी सामग्री पर आदेश का पुनरावलोकन अनुमत नहीं है इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***नित्यानन्द जोशी विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2004 (4) एम.पी.एल.जे. 478*** अवलोकनीय हैं।

## 19. भूतलक्षी अभियोजन स्वीकृति

न्यायदृष्टांत ***स्टेट ऑफ गोवा विरूद्ध बाबू थामस, ए.आई.आर. 2005 एस.सी. 3606*** के अनुसार अभियोजन चलाने की स्वीकृति भूतलक्षी प्रभाव से नहीं दी जा सकती।

## 20. सेवा निवृत्ति के बारे में

यदि संबंधित लोक सेवक सेवा निवृत हो चुका हो या अभियोग पत्र पेश करते समय उस पद पर नहीं रहा हो या सेवा में नहीं रहा हो तब उसके विरूद्ध धारा 19 अधिनियम के तहत अभियोजन चलाने की अनुमति लेना आवश्यक नहीं होता है। इस संबंध में न्याय दृष्टांत ***स्टेट ऑफ केरला विरूद्ध वी. पद्मनाभन अय्यर, (1999) 5 एस. सी.सी. 690, स्टेट ऑफ एच.पी. विरूद्ध एम.पी.गुप्ता, (2004) 2 एस.सी.सी. 349, एन.भारगव पिल्ले विरूद्ध स्टेट ऑफ केरला, ए.आई.आर. 2004 एस.सी. 2317*** और ***बी.एस. गोरैया विरूद्ध यूनियन टेरिटेरि ऑफ चंडीगढ़, (2007) 6 एस.सी.सी. 397*** अवलोकनीय है।

इसी बिन्दु पर म.प्र. उच्च न्यायालय के न्यायदृष्टांत ***भास्कर दत्त मिश्रा विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 1981 (1) एम.पी.डब्लू.एन. 173, यशवन्त कवठेकर विरूद्ध इकानामिक आफिस विग, 1995 जे.एल.जे. 709, बी.पी. सेठ विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., (2000) 1 एम.पी.एल.जे. 518, दीनानाथ विमल विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2004 (2) एम.पी.एल.जे. 278*** और ***जयन्त अवाशिया विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2008 (3) एम.पी.एल.जे. 521*** अवलोकनीय है।

## 21. स्वीकृति से इनकार के बाद सेवा निवृत्ति

यदि लोक सेवक के सेवा में रहते हुए अभियोजन चलाने की अनुमति मांगी गई हो और अनुमति देने से इनकार कर दिया गया हो तब उसके सेवा निवृत्त हो जाने के बाद भी उसे अभियोजित नहीं किया जा सकता। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***चितरंजनदास विरूद्ध स्टेट ऑफ उड़ीसा, ए.आई.आर. 2011 एस.सी. 293*** अवलोकनीय है।

## 22. सेवा में पुनः प्रवेश का प्रभाव

यदि लोक सेवक पद से हटा दिया गया हो और उसके विरूद्ध अभियोजन पेश होकर प्रसंज्ञान ले लिया गया हो उसके बाद यदि वह सेवा में वापस ले लिया जाता है तब भी इससे कार्यवाही पर कोई प्रभाव नहीं होता है क्योंकि प्रसंज्ञान लेने की तिथि महत्वपूर्ण होती है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***के.एस. धर्मदत्तन विरूद्ध सेंट्रल गर्वमेंट, ए.आई.आर. 1979*** और ***बी.एस. गौरेया विरूद्ध यू.टी. चंडीगढ़, 2007 (6) एस.सी.सी. 397*** अवलोकनीय है।

## 23. लोक सेवक का कार्यालय बदल जाना

यदि लोक सेवक कथित अपराध करते समय जिस कार्यालय में नियुक्त था उसमें नहीं रहता है और किसी दूसरे कार्यालय में अन्य पद पर चला जाता है तब भी अभियोजन चलाने की अनुमति आवश्यक नहीं रहती है क्योंकि प्रसंज्ञान की तिथि पर वह उस पद पर नहीं रहता है जिसका कि उसने

कथित दुरूपयोग किया था इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***अभय सिंह चौटाला विरूद्ध सी.बी.आई., 2011 ए.आई.आर. एस. सी.डब्लू. 3955, आर.एस.नायक विरूद्ध ए.आर. अंतुले, ए.आई.आर. 1984 एस.सी. 684*** और ***सुब्रहमण्यम स्वामी विरूद्ध मनमोहन सिंह*** के न्यायदृष्टांत अवलोकनीय है।

## 24. कार्यालय का बाहुल्य

यदि अभियुक्त एक से अधिक कार्यालय में एक से अधिक पद धारित करता है तब भी उसमें जिस पद का दुरूपयोग किया वहाँ के विभाग प्रमुख की अभियोजन स्वीकृति तात्विक होती है इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***अजय आचार्य विरूद्ध स्टेट ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन इकानामिक आफेन्स, आइ.एल.आर. 2014 एम.पी. 915 एस.सी.*** अवलोकनीय है।

## 25. वैध अनुमति के साथ पश्चात्वर्ती विचारण

न्यायदृष्टांत ***बैजनाथ प्रसाद त्रिपाठी विरूद्ध स्टेट ऑफ भोपाल, ए.आई.आर. 1957 एस.सी. 494*** के अनुसार यदि अभियोजन स्वीकृति विचारण में अवैध पाई जाती है तब वैध स्वीकृति लेकर पुनः विचारण किया जा सकता है और ऐसा विचारण धारा 300 द.पं.सं. से बाधित नहीं होता है इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***स्टेट ऑफ कर्नाटका विरूद्ध सी. नागाराजा स्वामी, ए.आई.आर. 2005 एस.सी. 4308, अजय राय विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., आई.एल.आर. 2007 एम.पी. 1821, शिवकुमार पाल विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2002 (3) एम.पी.एल.जे. 485*** और ***यशवन्त कुमार मेहता विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2003 (1) एम.पी.डब्लू.एन. 94*** भी अवलोकनीय है।

उक्त सी. नागाराजा स्वामी वाले मामले में यह भी कहा गया है यदि अभियोजन चलाने की अनुमति वैध नहीं है तो न्यायालय दोष सिद्धि या दोष मुक्ति का निर्णय लिखने के लिए बाध्य नहीं होता है। और यदि ऐसा निर्णय लेखबद्ध भी किया है तो वह बिना क्षेत्राधिकार के माना जाता है।

## 26. आदेश का प्रारूप देना

न्यायदृष्टांत ***स्टेट ऑफ तमिलनाडू विरूद्ध दामोदरम, ए.आई.आर. 1992 एस.सी. 563*** के अनुसार सतर्कता संचालक ने अनुमति आदेश का प्रारूप लगा दिया था ताकि राजस्व उपखंड अधिकारी उसके अनुसार स्वीकृति आदेश बना सके मात्र इस कारण अनुमति आदेश अवैध नहीं हो जाता क्योंकि अनुमति सभी सुसंगत सामग्री के आधार पर दी गयी थी इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***इंद्र भूषण चटर्जी विरूद्ध स्टेट ऑफ बेस्ट बंगाल, ए.आई.आर. 1958 एस.सी. 148*** और ***यूनियम ऑफ इंडिया विरूद्ध जयन्त कुमार गांगूली, आई.एल.आर. 2011 एम.पी. 1765*** भी अवलोकनीय हैं।

## 27. धारा 19 का आवेदन पेश होने पर प्रक्रिया

प्रायः इन मामलों में प्रतिरक्षा पक्ष की ओर से अभियोजन चलाने की स्वीकृति को चुनौती देते हुए एक आवेदन कार्यवाही के प्रारंभ में ही प्रस्तुत कर दिया जाता है ऐसा आवेदन पेश होने पर अभियोजन का जवाब लेकर उभय पक्ष को सुनकर आवेदन का निराकरण किया जा सकता है और ऐसे आवेदन के निराकारण के समय यह तथ्य ध्यान में रखना चाहिए कि यदि अभियोजन चलाने की अनुमति का

अभिलेख पर बिल्कुल अभाव है तब प्रारंभिक अवस्था में भी ऐसा आवेदन चलने योग्य होता है लेकिन जहाँ अभियोजन चलाने की अनुमति अभिलेख पर है और उसकी वैधता के बारे में कोई प्रश्न हो तब ऐसा प्रश्न विचारण के दौरान साक्ष्य लेकर ही तय हो सकता है और तब ऐसा आवेदन चलने योग्य नहीं होता है इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***सी.बी.आई. विरूद्ध अशोक कुमार अग्रवाल, ए.आई.आर. 2014 एस.सी. 827, दिनेश कुमार विरूद्ध चेयमेन एयरपोर्ट अथारटी ऑफ इंडिया, (2012) 1 एस.सी.सी. 532, स्टेट ऑफ बिहार विरूद्ध राजमंगल राम, ए.आई.आर. 2014 एस.सी. 1674*** और ***प्रकाश सिंह बादल विरूद्ध स्टेट ऑफ पंजाब, (2007) 1 एस.सी.सी. 1*** अवलोकनीय है।

न्यायदृष्टांत ***नाजप्पा विरूद्ध स्टेट ऑफ कर्नाटका, 2015 ए.आई.आर. एस.सी.डब्लू. 4432*** के अनुसार यदि विचारण न्यायालय यह पाती है कि अनुमति का वैध आदेश अभिलेख पर नहीं है तो वह कार्यवाही की किसी भी प्रक्रम पर यह आदेश कर सकती है कि अभियोजन अनुमति आदेश के अभाव में चलने योग्य नहीं है उक्त न्यायदृष्टांत ***सी. नागाराजा स्वामी*** के अनुसार भी यदि वैध अनुमति आदेश अभिलेख पर नहीं है तो न्यायालय दोष सिद्ध या दोष मुक्ति का निर्णय लिखने का बाध्य नहीं होता है और ऐसा निर्णय लिखा भी गया है तो वह क्षेत्राधिकार के बाहर होता है।

## 28. अभियोजन स्वीकृति का बाद में पेश किया जाना

यदि अभियोजन चलाने की अनुमति अभियोग पत्र के साथ पेश नहीं की गयी है लेकिन वह अभियोजन संस्थित करने के पूर्व से अस्तित्व में थी तब अभियोजन प्रमाण समाप्त होने से पूर्व पेश की जा सकती है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत लक्ष्मीनारायण विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 1987 (1) एम.पी. डब्लू. एन. 64 अवलोकनीय है।

## 29. अभियोजन चलाने की अनुमति के सिद्धांत

न्यायदृष्टांत ***स्टेट ऑफ महाराष्ट्र विरूद्ध महेश जी जैन, (2013) 8 एस.सी.सी. 119*** में अभियोजन चलाने की अनुमति के बारे में सिद्धांत बतलाए गए है जो इस प्रकार हैः–

1. अभियोजन को यह प्रमाणित करना आवश्यक होता है कि अनुमति देने वाले प्राधिकारी ने इस बात से संतुष्ट होने के बाद की अनुमति देने का प्रकरण बनता है, एक वैध अनुमति दी है।
2. अनुमति के आदेश से यह प्रत्यक्ष रूप से दिखना चाहिए कि अनुमति देने वाले प्राधिकारी ने उसके समक्ष रखी गयी सामग्री का अवलोकन किया है और परिस्थितियों पर विचार करके अभियोजन चलाने की अनुमति दी है।
3. अभियोजन ऐसा प्रमाण प्रस्तुत कर सकता है कि अनुमति देने वाले प्राधिकारी के समक्ष सामग्री रखी गयी थी और वे उसका अवलोकन करके संतुष्ट हुए थे।
4. अभियोजन चलाने की अनुमति देना एक प्रशासकीय कार्य है अनुमति देने वाले प्राधिकारी को प्रथम दृष्टया इस बात से संतुष्ट होना चाहिए कि सुसंगत तथ्यों से अपराध गठित होता है।

5. न्यायालय यह नहीं देख सकती कि अनुमति देने वाले प्राधिकारी के समक्ष जो सामग्री रखी गयी थी वह पर्याप्त थी क्योंकि विचारण न्यायालय उस प्राधिकारी के अपील न्यायालय के समान नहीं होता है।

6. अनुमति देने वाले प्राधिकारी ने उसके समक्ष रखी गयी सभी सामग्री का अवलोकन किया हो और उनमें से कुछ प्रमाणित नहीं की जाती है तो इससे अनुमति दूषित नहीं होती है।

